सुविचार

कर्म वो आईना है, जो हमारा स्वरूप हमें दिखा देता है। अतः हमें कर्म का एहसानमंद होना चाहिए।

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 223 पेजः 8 मूल्य 01 रु. | जयपुर, शुक्रवार 3 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

# त्रिपुरा-नगालैंड में बीजेपी को बहुमत

## मोदी बोले- पूर्वोत्तर दिल्ली और दिल से दूर नहीं; अब पैनल करेगा चुनाव आयुक्त की नियुक्ति

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा को फिर से बहुमत मिला है। नगालैंड में BJP गठबंधन को 37 और त्रिपुरा में 33 सीटें मिली। वहीं मेघालय में मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की पार्टी NPP ने 26 सीटें जीती हैं, जो बहुमत से 4 सीट कम हैं। कांग्रेस ने 5 और इखढ ने 2 सीटें जीती हैं। यहां सरकार बनाने के लिए BJP ने नेशनल पीपुल्स पार्टी को समर्थन दिया है। चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने BJP हेडक्वॉर्टर में संबोधन दिया। उन्होंने कहा- हम एक नई दिशा पर चल पड़ा नॉर्थ-ईस्ट देख रहे हैं। यह दिलों की दूरियां समाप्त होने का ही नहीं, बल्कि नई सोच का प्रतीक है। अब नॉर्थ-ईस्ट न दिल्ली से दूर है न दिल से दूर है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि PM, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और उखक का पैनल इनकी नियुक्ति करेगा। जस्टिस के एम जोसेफ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है। इससे पहले आयुक्तों की नियुक्ति सिर्फ सरकार करती थी।



### मेघालय में फिर साथ आई BJP और NPP, CM संगमा बोले- मिलकर सरकार चलाएंगे

मेघालय में NPP ने 25 सीटें जीती हैं। यहां 4 अलग- अलग पार्टियों ने कुल 19 सीटें जीती हैं। वहीं 2 निर्दलीय कैंडिडेट ने भी जीत दर्ज की है। मेघालय में BJP ने सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए NPP से गठबंधन तोड़ दिया था, अब उसी से गठबंधन कर सरकार बनाने जा रही है। संगमा ने BJP को धन्यवाद देते हुए कहा- हम मेघालय की सेवा के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। उधर, नगालैंड के 60 साल के इतिहास में पहली बार दो महिलाएं विधायक बनी हैं। 1963 में नगालैंड राज्य बना था। एक महिला 7 वोटों से जीती हैं, जबकि दूसरी 7 महीने पहले ही राजनीति में आई हैं।

वाड्रा पर जमीन घोटाले के आरोप, विधानसभा में हंगामा

# मंत्री कल्ला बोले- कोई गड़बड़ी नहीं की, बीजेपी नेताओं ने खरीदी जमीनें

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में एक बार फिर प्रियंका गांधी के पति राबर्ट वाड्रा को लेकर हंगामा हुआ। इखढ ने वाड्रा पर जमीन घोटाले का आरोप लगाया। शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि आप जिस पर आरोप लगा रहे हैं, उन्होंने एक प्रतिशत भी गड़बड़ी नहीं की। बल्कि इखढ नेताओं ने भूमिहीन बनकर जमीनें ली और घोटाला किया। इस मामले में पक्ष-विपक्ष के बीच जमकर नोक-झोंक हुई। सदन में गुरुवार को राजस्व और सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की अनुदान मांगों पर बहस हो रही थी। लूणकरणसर से इखढ विधायक सुमित गोदारा के बीकानेर जिले में रॉबर्ट वाड्रा पर जमीन घोटाले का आरोप लगाने से विवाद की शुरूआत हुई। गोदारा ने कहा कि फायरिंग रेंज की जमीन में घोटाला हुआ, जो किसान फायरिंग रेंज की जमीन से माइग्रेट हुए उनकी जमीन को लोगों ने कौड़ियों के दाम खरीदकर करोड़ों कमाए हैं। दिल्ली से रॉबर्ट वाड्रा ने वहां आकर जमीनें ली उसका नाम ईडी में आया। सुमित गोदारा के रॉबर्ट वाड्रा पर आरोप लगाने पर शिक्षा मंत्री कल्ला ने आपत्ति जताते हुए क?हा कि जो सदन का मेंबर नहीं, उसका नाम लेना गलत है। इस पर गोदारा ने कहा



कि अंबानी-अडाणी भी सदन के मेंबर नहीं है, उन पर तो आप खूब आरोप लगाते हो। मंत्री कल्ला ने कहा- जो जमीन ली गई है, उनमें अधिकांश लोग बीजेपी के हैं। भाजपा के लोगों ने पांच से 10 हजार बीघा की जमीनों को लाखों में बेचा। गड़बड़ भाजपा के लोगों ने की है। वाड्रा ने चेक से पेमेंट किया, रजिस्ट्री हुई है उसका पूरा पैसा दिया है। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कल्ला पर पलटवार करते हुए कहा- मंत्री जी ने जिस शख्स का नाम लेकर कहा, वह सारा मामला कोर्ट में चल रहा है। मेरी मांग है सरकार एक कमीशन बना दे तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। मंत्री जी, चोर की दाढ़ी में तिनका है। वाड्रा ने बीकानेर जिले में जमीन नहीं खरीदी है यह साबित कर दो, गलत हुआ तो मैं इस्तीफा दे दूंगा अन्यथा आप दे देना। यह मेरा चैलेंज है।

### गोदारा बोले- मंत्री ने फील्ड फायरिंग रेंज में जमीन खरीदी

सुमित गोदारा ने कहा- आपको पता था कि यहां सोलर प्लांट आने वाला है, इसलिए उन्होंने पहले जमीन ली यह तो भ्रष्टाचार हुआ है। महाजन फायरिंग रेंज में माइंस वाली जमीन ली गई। कोलायत के विधायक और मंत्री ने भी वहां जमीन ली है। कल्ला ने कहा कि मेरी तो एक बीघा जमीन नहीं है। इस पर गोदारा ने कहा आप नहीं आपके साथी मंत्री ने खरीदी है। सारे आवंटन की जांच करवा लीजिए। फील्ड फायरिंग रेंज में आपके कोलायत वाले मंत्री को जमीन आवंटित हुई कि नहीं हुई। बहस के दौरान कांग्रेस विधायक मदन प्रजापत ने बालोतरा को जिला बनाने की मांग फिर से उठाई। मदन प्रजापत ने जिला नहीं बनने तक नंगे पैर घूमने का संकल्प ले रखा है।

नॉर्थ-ईस्ट में जीत पर मोदी के मन की बात

# बोले- कुछ कट्टर कहते हैं मर जा मोदी, जनता कह रही मत जा मोदी

**नई दिल्ली।** भाषण शुरू करने से पहले पीएम मोदी ने कार्यकताओं से मोबाइल की फ्लैश लाइट जलवाकर नॉर्थ-ईस्ट के लोगों का अभिनंदन करने को कहा। त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद गुरुवार रात ढट नरेंद्र मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे और अपनी स्पीच में विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- हमारी जीत से घबराए कुछ कट्टर विरोधी कहते हैं मर जा मोदी, लेकिन मेरे देशवासी कहते हैं मत जा मोदी। ढट ने भाजपा नेताओं और कार्यकताओं से यह भी पूछा नॉर्थ-ईस्ट के रिजल्ट के बाद TV पर एश्ट को गाली पड़नी शुरू हुई या नहीं। उन्होंने कहा- हम एक नई दिशा पर चल पड़ा नॉर्थ-ईस्ट देख रहे हैं। यह दिलों की दूरियां समाप्त होने का ही नहीं, बल्कि नई सोच का प्रतीक है। अब नॉर्थ-ईस्ट न दिल्ली से दूर है न दिल से दूर है। यह इतिहास रचे जाने का समय है। मैं नॉर्थ-ईस्ट की समृद्धि और विकास का समय देख रहा हूं। कुछ दिन पहले मैं जब



वहां गया तो किसी ने कहा कि मोदी जी आपको अपनी हाफ सेंचुरी के लिए बहुत-बहुत बधाई। मैंने पूछा कि कैसी हाफ सेंचुरी तब उन्होंने बताया कि आप जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से 50 बार से अधिक बार नॉर्थ-ईस्ट की विजिट कर चुके हैं।

# घूसखोर दिव्या के रिसोर्ट पर बुलडोजर

### रिसोर्ट में ठहरे लोग दूसरे होटल में शिफ्ट, रात 2 बजे तक डटे थे अफसर, गिराने की कार्रवाई सुबह

गरीबों का सितारा

**उदयपुर।** दो करोड़ की रिश्वत मामले में एसीबी द्वारा गिरफ्तार एसओजी (अजमेर) की तत्कालीन एएसपी दिव्या मित्तल के उदयपुर स्थित रिसोर्ट पर गुरुवार देर शाम



यूआईटी का बुलडोजर पहुंच गया। यूआईटी ने एक दिन पहले ही दो नोटिस चस्पां कर 24 घंटे में कार्रवाई की सूचना दी थी। गुरुवार देर शाम नोटिस का समय खत्म होते ही टीम रिसोर्ट पहुंची। निरीक्षण के बाद यहां ठहरे पर्यटकों को वाहन से दूसरी होटल में शिफ्ट किया गया। वहीं, रिसोर्ट का स्टाफ देर रात तक सामान निकालता रहा। माना जा रहा है कि आधी रात या अलसुबह रिसोर्ट के अवैध हिस्सों में बुलडोजर चल सकता है। यूआईटी अफसर शुक्रवार सुबह ड्यूटी आवर्स में कार्रवाई की बात कह रहे हैं। यूआईटी के तहसील कार्यालय ने 23 फरवरी को पहला नोटिस आरोपी दिव्या और निलंबित सिपाही (दलाल) सुमित जाट को भेजा था। इसमें पूछा था कि नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 91-ए तथा 92-ए के तहत प्रकरण संख्या 52 में ग्राम चिकलवास में यूआईटी की ओर से फॉर्म हाउस के लिए स्वीकृति दी गई थी, लेकिन पट्टे पर बिना भू-उपयोग परिवर्तन के व्यवसायिक गतिविधि की जा रही है। फॉर्म हाउस और खेती की जमीन पर बने रिसोर्ट और गतिविधियों को लेकर 24 घंटे में जवाब नहीं दिया तो इसे विध्वंस या सीज किया जाएगा। लेकिन खातेदारों की ओर से किसी ने जवाब नहीं दिया। यूआईटी तहसील न्यायालय ने 1 मार्च को यही नोटिस जारी किया। 2 मार्च को देर शाम टीम मौके पर पहुंच गई। गौरतलब है कि दैनिक भास्कर ने 18 जनवरी के अंक में ह्यदिव्या के साथ दलाल सुमित भी है रिसोर्ट का मालिक, कागजों में फार्म हाउस दिखा रखा थाह्न शीर्षक से खबर प्रकाशित कर अवैध रिसोर्ट का खुलासा किया था। हरिद्वार के दवा कारोबारी से रिश्वत मांगने के मामले में एसीबी ने 16 जनवरी को दिव्या मित्तल को पकड़ा था। यह रिश्वत कारोबारी का नाम आरोपियों की सूची से हटाने के बदले में मांगी गई थी। दिव्या ने एसओजी की धौंस जमाते हुए कारोबारी को दलाल सुमित जाट से संपर्क करने को कहा था।

# मौसम में बदलाव के चलते बड़े वायरल के मरीज

### खांसी तो 15 से 20 दिन में हो रही ठीक, हर माह औसत 65 हजार सिरप की खपत

गरीबों का सितारा

**श्रीगंगानगर।** पहले सूखी ठंड और अब दिन और रात के तापमान में अंतर ज्यादा होने से बुखार और वायरल से पीड़ित रोगियों की संख्या बढ़ रही है। खांसी का संक्रमण ज्यादा है। बच्चे हो या फिर व्यस्क, सभी आयु वर्ग में खांसी ज्यादा लंबी खिंच रही है। इसके साथ वायरल बुखार भी हो रहा है। वजह परट्यूसिस, रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (आरएसवी) व राइनोवायरस के साथ इस बार एडेनो वायरस का प्रकोप ज्यादा होना है। एम्स जोधपुर की माइक्रो बॉयोलोजी लैब में जांच के दौरान कुछ वयस्कों में एडेनोवायरस की पुष्टि हुई है। इस बार वयस्कों व बच्चों में खांसी, जुकाम और वायरल बुखार ज्यादा हो रहा है।

**चिंता ;** डॉक्टरों के अनुसार सामान्य वायरल संक्रमण, खांसी व जुकाम 5-6 से दिनों में ठीक होने की बजाय दो सप्ताह से ज्यादा समय लग रहा है। वयस्कों में 3 से 4 दिन की बजाय 7 से 10 दिन और बच्चों में 4 से 5 दिन की बजाय 15 से 20 दिन में खांसी रिकवर हो रही है। कारण ; दिन व रात के तापमान में अंतर ज्यादा होने से बैक्टीरिया पनपने के अनुकूल मौसम बनता है। डॉक्टर्स के अनुसार जंक फूड ज्यादा खाने से कमजोर पड़ रही इम्युनिटी और बदलते मौसम में लापरवाही की वजह से बच्चों में वायरल संक्रमण जल्द ठीक नहीं हो पा रहा है।

**संक्रमण;** बच्चों में वायरल संक्रमण में ठीक होने का समय न्यूनतम 4 से 5 दिन और अधिकतम 8 से 10 दिन रहता है। इस बार ये अवधि 20 दिन से भी ज्यादा है। कई बच्चों में सांस की तकलीफ भी होती है। परट्यूसिस, रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (आरएसवी) और राइनोवायरस की वजह से ऐसा हो रहा है।



| पूर्वानुमान> | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| 26° अधिकतम> | 31°c | 29°c | 30°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 15°c | 15°c | 17°c | 17°c |

उदयपुरिया मोड चौमूं स्थित विश्वविद्यालय 'यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट' (यू.ई.एम), जयपुर में

# विशाल जॉब मेला- द जयपुर ग्रांड जॉब मेला 2023 का हुआ आयोजन

## आईएएस आयुक्त कौशल रोजगार उद्यमिता विभाग रेणु जयपाल सहित अनेक हस्तियों ने की शिरकत

गरीबों का सितारा





**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** उदयपुरिया मोड चौमूं स्थित निजी विश्वविद्यालय ह्वयूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंटह्व (यू.ई.एम), जयपुर में गुरुवार को विशाल जॉब मेला "द जयपुर ग्रांड जॉब मेला-2023" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ रेणु जयपाल- आईएएस आयुक्त कौशल रोजगार उद्यमिता विभाग, श्री अनुज सक्सेना- निदेशक सीएमएसडीसी, श्री जगदीश निर्वान- निदेशक रोजगार विभाग, डॉ. अरुण अग्रवाल- क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति सदस्य राजस्थान सरकार, एवं कौशल विकास रोजगार और उद्यमिता विभाग राजस्थान राजस्थान विभाग की और से हरिराम बडगुजर- उप निदेशक, श्रीमती नवरेखा- उप निदेशक, विवेक भारद्वाज- सहायक निदेशक, सुश्री सीमा मीना- डीईओ, यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर की और से वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार डॉ प्रदीप कुमार शर्मा, डीन अनिरुद्ध मुखर्जी एवं उप निदेशक परियोजना संदीप कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। यूनिवर्सिटी उप निदेशक -प्रोजेक्ट संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया की " द जयपुर ग्रांड जॉब मेला-2023" में राजस्थान व राजस्थान के बाहर से आयी हुई 41 कंपनियों ने सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश से आये हुए करीब 2,423 बेरोजगार युवाओ में से 636 युवाओं को चयनित किया गया है। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट द्वारा रोजगार मेंले में आये हुए बेरोजगार युवाओ के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए लगभग 15 पृथक पृथक काउंटर बनाये गए। रजिस्ट्रेशन के लिए फैकल्टी, स्टाफ व रोजगार डिपार्टमेंट के साथ साथ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थिओं ने सहयोग किया। रोजगार मेले में बेरोजगार युवक प्रातः 09 :00 बजे से ही आना शुरू हो गए थे। यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी ने बताया की यह रोजगार मेला देश के सबसे बड़े प्लेसमेंट अवसरों में से एक है, जहाँ देशभर से आयी हुई शीर्ष कंपनियां एक ही छत/प्लेटफॉर्म के निचे फ्रेशर्स/बेरोजगार युवाओ को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है, साथ ही डॉ चटर्जी ने कहा की यूनिवर्सिटी हर साल कैंपस में मेगा जॉब मेला का आयोजन करता रहता है जहाँ प्रदेशभर के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जाते है, और यूनिवर्सिटी स्वयं के स्तर पर भी प्लेसमेंट के छेत्र में मुकाम हांसिल कर चुकी है। यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट विभाग के उप निदेशक कॉर्पोरेट रिलेशन्स -अनीश विश्वनाथ ने बताया की रोजगार मेले में चयनित होने वाले बेरोजगार युवा इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, आदि से संबंदित छेत्रों से थे। "द जयपुर मेगा जॉब मेला-2023" में शामिल होने वाले विद्यार्थिओं की एंट्री निः शुल्क रखी गयी है और इसमें किसी भी रूप में कोई शुल्क नहीं रखा गया है। रोजगार मेले में आने वाली कंपनियों में से कुछ निम्नानुसार हैं - मेटाक्यूब सॉफ्टवेयर, कृति टेक्नोलॉजी, मयूर यूनिकोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, अक्ष ऑप्टिफाइबर लिमिटेड, ऐक्सिस बैंक, बीएम इंफोट्रेड प्रा. लिमिटेड, क्रैक-ईडी (कार्डदेखो ग्रुप), ब्रिस्किमाइंड सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्रा लिमिटेड, फ्यूजन बिजनेस सॉल्यूशंस (पी) लिमिटेड, बर्गर फार्म, फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड, जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जगन्नाथ पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड, जस्टडायल लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक, महिमा समूह, मू फार्म प्राइवेट लिमिटेड, सटीक स्वचालन और रोबोटिक्स, प्रेडस्क टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड, पुखराज हेल्थकेयर प्रा. लिमिटेड, क्वेस कॉर्प लिमिटेड, सेव माइक्रोफाइनेंस प्रा. लिमिटेड, सनरेज इमेज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, विमर्स इंफोटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, चिटेकी एचआर सॉल्यूशंस, कैरियरहोलिक, संस्का इंटरनेशनल, एडिफिकेशनल सर्विसेज प्रा लिमिटेड, प्रथम प्रयास कौशल प्रशिक्षण प्रा। लिमिटेड, कैलिबर बिजनेस सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, चेकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एस एंड एन स्टाफिंग सॉल्यूशंस, च्वाइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड, चेतन्य इंडियाफिन क्रेडिट लिमिटेड, दिगंबर कैपफिन लि., आईआईजी एडू हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड, पिरामल फाइनेंस आदि और इनका वेतन भी अधिकतम लगभग 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक दिया गया है। मेगा जॉब मेले में विभिन्न कंपनियों के अलावा मुख्य भूमिका में राजस्थान सरकार निर्वाचन विभाग के निदेर्शानुसार उपखण्ड कार्यालय चोमू द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्वीप टीम का गठन कर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य श्लअ के माध्यम से मतदाताओं हेतु सक्षम एप्लीकेशन, नवीन फॉर्म, साइन लेंग्वेज, आदि के पोस्टर प्रदर्शित कर व समझाकर मतदाताओं को ऑनलाइन व ऑफलाइन नामांकन सम्बंधित प्रक्रियाओं का प्रचार प्रसार किया गया। उक्त कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगो को मोके पर ही मोबाइल एप्लीकेशन आदि का प्रदर्शन कर जागरूक किया गया। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग गोविंदगढ़ के ब्लॉक प्रोग्रामर रमेश चंद यादव द्वारा दिनांक 19 मार्च से 21 मार्च 2023 को जयपुर में होने वाले आई टी मेगा जॉब फेयर हेतु युवाओं का नामांकन किया गया। रोजगार मेले में यूनिवर्सिटी की और से प्लेसमेंट विभाग के अनीश विश्वनाथ, सचिन पांडेय, शंकर सिंह, राजा सरकार, अनुज कुमार, नेहा कुमारी के साथ साथ सभी विभागों के प्रमुख भी शामिल हुए।

## पंचाग

दिनांक 03मार्च 2023 शुक्रवार
विक्रम संवत2079फाल्गुन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | 09:10:35 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | पुनर्वसु | 15:42:11 |
| योग | सौभाग्य | 18:43:13 |
| करण | विष्टि भद्र | 09:10:36 |
| करण | बव | 22:27:11 |
| चन्द्र राशि | मिथुन | 08:57:02 |
| चन्द्र राशि | कर्क | 08:57:02 |
| सूर्य राशि | कुम्भ | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:50:33 | |
| सूर्यास्त | 18:27:26 | |
| चंद्रोदय | 14:47:29 | |
| चंद्रास्त | 29:04:36 | |
| राहू काल | 11:12-12:39 | |
| अभिजित | 12:16-13:02 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| चर | 06:51-08:18 | शुभ |
| लाभ | 08:18-09:45 | शुभ |
| अमृत | 09:45-11:12 | शुभ |
| शुभ | 12:39-14:06 | शुभ |
| चर | 17:00-18:27 | शुभ |



होलाष्टक प्रारम्भ
एकादशी व्रत:-आज
प्रदोष व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

अंतर्राष्ट्रीय होली महोत्सव-2023

## निगम अध्यक्ष राठौड़ ने किया गया पोस्टर का विमोचन




**अजमेर / ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा आगामी 4 मार्च से 7 मार्च तक पुष्कर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय होली महोत्सव 2023 के पोस्टर का गुरुवार को जिला कलेक्ट्री में राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्य मत्री धर्मेंद्र राठौर ने विमोचन किया निगम अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय होली महोत्सव 2023 के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर का विमोचन किया गया। यह पोस्टर अजमेर के धार्मिक संस्थानों सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय होली महोत्सव 2023 के सभी प्रारंभिक प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अंतरराष्ट्रीय होली महोत्सव में जिला प्रशासन पुलिस विभाग होमगार्ड सिविल डिफेंस शिक्षा विभाग जनप्रतिनिधि गण समाजसेवी संस्थाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से विशाल आयोजन कियें जाएगें इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक वीपी सिंह, जिला कलक्टर अंश दीप, पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, सुनील विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर भावना गर्ग, अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त श्री अक्षय गोदारा, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक अशोक शर्मा नगर पालिका पुष्कर के पूर्व अध्यक्ष श्री दामोदर शर्मा, जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी शिव कुमार बंसल, विवेक पाराशर, श्री नोरत गुर्जर, अरुण पाराशर, बैजनाथ पाराशर, हेमंत जोधा, कृपाल सिंह राठोड़, विश्राम चौधरी, अब्दुल फरहान खान, सम्राट उटडा, सर्वेश पारीक, गुल मोहम्मद, जूलियस क्लेमेट सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## फेसबुक आईडी से सोशल मिडिया पर अपराधियों को फॉलो करने वाला किया गिरफ्तार

गरीबों का सितारा



**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी पुलिस थाना में महानिरीक्षक द्वारा पुलिस रेंज जयपुर व पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा जिला अलवर के निर्देशन मे एवं सुरेश खींची अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर अंजली अजित जोरवाल वृताअधिकारी वृत राजगढ़ के निर्देशन में मन थाना अधिकारी ओमप्रकाश उनि थानाधिकारी रैणी के निर्देशन में अपराधियो को फेसबुक फ्लो करने वाले गैर सायल अजित सिंह को किया गिरफ्तार 02/3/2023 को महानिरीक्षक महोदय पुलिस रेंज जयपुर द्वारा चलाए गये अभियान सोसल मिडिया द्वारा फेसबुक आईडी गैंगस्टरों को फ्लो करने वाले गैर सायलानों के खिलाफ कारवाई हेतु अभियान चलाया गया जिसकी पालना में मन थानाधिकारी ओमप्रकाश उनि थाना रैणी द्वारा आसुचना अधिकारी कानि. अविनाश 497 को पाबन्द किया कि गैंगस्टरों को फ्लो करने वाले गैर सायलानों को चिन्हित करे उक्त सुचना हेड कांस्टेबल भजनी राम 1631 मय जाफ्ता कानि. अरविन्द 2612 कानि. मनोहर 1394 के द्वारा गैर सायल अजित सिंह पुत्र महेंद्र सिंह जाति राजपूत उम्र 19 साल निवासी जामडोली थाना रैणी अलवर को अपने सैवधानिक अधिकारों से अवगत कराते हुए अपराध धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के लिए टीम इस प्रकार थी 1. ओमप्रकाश उनि.पुलिस थानाधिकारी रैणी , अलवर 2.भजनी राम हैड कानि.1631 पुलिस थाना रैणी अलवर 3.अरविन्द कानि.2612 पुलिस थाना रैणी अलवर 4.मनोहर कानि.1394 पुलिस थाना रैणी अलवर।

रैणी पुलिस को मिली कामयाबी

## 24 घण्टे से पहले ही बच्चे को किया दस्तयाब : रैणी पुलिस थानाधिकारी




गरीबों का सितारा



**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के पुलिस थाना रैणी मे टहटड़ा निवासी भगवान सहाय र/ङ्क रामस्वरूप मीना ने 01 मार्च 2023 को शाम को अपने बच्चे धीरज उर्फ पिन्टू की गुम करने की नामजद एफआईआर नम्बर 61/23 दर्ज कराई थी जिसे रैणी पुलिस ने अति गम्भीरतापूर्वक लेते हुए तुरंत ही टीम गठित कर दी और सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी और रैणी पुलिस को 24 घण्टे से भी कम समय मे ही कामयाबी मिल गई और बच्चे को दौसा जिले के मण्डावर रोड से दस्तयाब कर लिया गया। रैणी पुलिस ने बच्चे को दस्तयाब करने के बाद चैन की सास ली। बच्चे को अब रैणी पुलिस द्वारा सीडबल्युसी के समक्ष पेश किया जावेगा। मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी पुलिस थानाधिकारी ओमप्रकाश मीना के द्वारा दी गई है।

# अलवर शहर बना कूड़ा घर और आवारा पशुओं का गढ़, अलवर का कोई धनी धोरी नहीं : डॉ पंकज गुप्ता


गरीबों का सितारा





**अलवर, रुपेश शर्मा।** ब्रजभूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में परिषद के कार्यकताओं ने स्कीम नंबर दो लाजपत नगर का दौरा किया और कॉलोनी क्षेत्र की गंदगी कूड़ा घर और तमाम तरह की अव्यवस्थाओं का मसला मीडिया में उठाया। अंबेडकर चौराहे के पास, मिलिट्री एरिया मंगलआंसर पर जो कोचिंग का क्षेत्र है वहां पर मुख्य सड़क पर भरपूर कचरा और गायों का ढेर लगा हुआ था वही उससे थोड़ी आगे पुरुषार्थी धर्मशाला पर जाने वाले रास्ते पर कूड़ा घर और पूरी रास्ता पूरी तरह कूड़े से अटा पड़ा था और कूड़ा सड़क पर फैला हुआ था इसी प्रकार से , जुबली बाग चौराहे पर और उस चौराहे के पास नाली पूरी तरह कूड़े से अभी पड़ी थी वही स्कीम नंबर 2 में ही गुरुद्वारे के सामने कॉलोनी के पेव्मेंट का वर्क टेंडर किया हुआ है ठेकेदार 1 माह पूर्व खुदाई कर चला गया है और कॉलोनी वासियों को अपने वाहनों को निकालने में रखने में आने जाने में बहुत परेशानी हो रही है उन्होंने उस वार्ड के पार्षद को भी कई बार कहा है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है कॉलोनी में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, कूड़ा उठता नहीं है। इस मौके पर जिला प्रशासन राजस्थान सरकार के अलवर में मौजूद 2-- 2 मंत्री शकुंतला रावत और टीकाराम जूली एवं साथ ही निकाय नगर परिषद के चेयरमैन जो महापौर बन गए हैं घनश्याम गुर्जर और अलवर के विधायक संजय शर्मा के ऊपर भी अलवर की जनता अलवर की सड़कों को गंदगी से मुक्त करने की आवारा पशुओं से मुक्त करने की अपील डॉ पंकज गुप्ता ने की उन्होंने कहा की तमाम सरकार लोकल बॉडीज विधायक सभापति सबको मिलकर अलवर की सड़कों को गंदगी से मुक्त करना चाहिए करोड़ों रुपयों का बजट नगर परिषद के द्वारा पास किया हुआ है डंपिंग यार्ड बनाया हुआ है , पिछली सरकार के कार्यकाल में करोड़ों रुपए का सीवरेज का काम हुआ है लेकिन उन सब का जो परिणाम है वह शून्य है अलवर कूड़ा घर बना हुआ है सड़कों पर कूड़ा पड़ा हुआ है गाड़ियां आती नहीं है कूड़ा उठाती नहीं है जितने सफाई कर्मी होने चाहिए वह सफाई कर्मी रहते नहीं हैं सफाई क्यों नहीं करते उनकी मॉनिटरिंग क्यों नहीं होती इन सब बातों के लिए सभी प्रशासन और सरकार के नुमाइंदों को मिल कर बैठ कर बात करनी चाहिए और अलवर को स्वच्छ रखने के लिए अलवर की जनता के साथ न्याय करना चाहिए। अलवर राजस्थान का प्रवेश द्वार है यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं लेकिन हमें अपराध मुक्त और स्वच्छ शहर देना पड़ेगा जिससे अलवर में घूमने आने वालों को स्वच्छ वातावरण मिले और हमारे क्षेत्र की इकोनामी पर्यटन के कारण से बढ़ सके हमारे लोगों को रोजगार मिल सके लेकिन इसके लिए तीव्र इच्छा शक्ति की जरूरत है। इस मौके पर , विजय सिंह चौहान, अश्वनी जावली, प्रेम प्रकाश शर्मा, कैप्टन उमरावलाल सैनी, यशवंत कुमार गुप्ता, मनोज कुमार शर्मा , अमरदीप सिंह, राधेश्याम अरोड़ा, घनश्याम गुप्ता, सुनील सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, गणपतराम, विजयलक्ष्मी, पुरुषार्थी धर्मशाला के मैनेजर आम नागरिक आदि दर्जनों की संख्या में कॉलोनी वासियों ने इस मामले को जोर-शोर से उठाया।

# त्रिपुरा , नागालैंड , मेघालय के चुनावों की भविष्यवाणी करने वाली की भविष्यवाणी 100 प्रतिशत हुई सत्य साबित



**अजमेर/ब्यावर।** गत 18 फरवरी 2023 को इस भविष्यवाणी लैब के उद्घाटन के बाद नवनिर्मित ( गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब , पार्ट नम्बर - 01 ) की यह पहली भविष्यवाणी ना केवल सटीक साबित हुई है अपितु पहली ही बार में ही अपनी सटीक भविष्यवाणी के कारण देशभर में ज्योतिष जगत एवं वैज्ञानिक जगत एवं मीडिया जगत में इस भविष्यवाणी की लैब ने तहलका भी मचा दिया है , ज्ञात रहे की पिछले 10 वर्षो के दौरान ज्योतिष में कुंडली के माध्यम से नाहटा की 300 से अधिक भविष्यवाणीयां सत्य साबित हो चुकी है परंतु पहली बार एक वैज्ञानिक तौर पर बनाई गई नवनिर्मित ( गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब , पार्ट नम्बर - 01 ) के द्वारा यह भविष्यवाणी लिखी गई है जिसने पहली ही बार में त्रिपुरा , नागालैंड , मेघालय विधानसभा चुनाव की सीटों के सटीक आंकलन देकर देशभर का दिल जीता है , गौरतलब है कि त्रिपुरा , नागालैंड , मेघालय राज्यों के विधानसभा चुनावों के बारें में पूरे देशभर के सारे एग्जिट पोल धराशाई हो गए यानी किसी भी एग्जिट पोल ने तीनों ही राज्यों की सटीक भविष्यवाणी नहीं लिखी थी यानी किसी एग्जिट पोल ने एक राज्य की भविष्यवाणी सटीक लिखी तो किसी एग्जिट पोल ने दो राज्य की भविष्यवाणी सटीक लिखी लेकिन तीनों ही राज्यों ( त्रिपुरा , नागालैंड , मेघालय ) की सीटों सहित किसी भी एग्जिट पोल ने सटीक भविष्यवाणी नहीं लिखी है यानी किसी भी एग्जिट पोल का तीनों ही राज्यों के प्रति सटीक आंकलन नहीं निकल पाया है केवल नाहटा की इस नवनिर्मित ( गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब , पार्ट नम्बर - 01 ) ने तीनों ही राज्यों ( त्रिपुरा , नागालैंड , मेघालय ) के लिए सटीक आंकलन दिया है , जिसे वैज्ञानिक रूप से बनाई गई ( गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब , पार्ट नंबर - 01 ) ने पकड़ा था एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई त्रिपुरा की भविष्यवाणी में लिखा गया था कि त्रिपुरा में भाजपा को 34 सीटों के आसपास सीटें मिल सकती है , जो ( गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब , पार्ट नम्बर - 01 ) ने सटीक आंकड़े दिए हैं और लगभग त्रिपुरा में भी भाजपा 33 के लगभग सीटें जीतकर सरकार बना रही है , इसके अलावा वही दूसरी तरफ समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई नागालैंड की भविष्यवाणी में भी लिखा गया था कि नागालैंड में भाजपा को 34 सीटों के आसपास सीटें मिल सकती है , जो ( गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब , पार्ट नम्बर - 01 ) ने सटीक आंकड़े दिए हैं और नागालैंड में भी भाजपा 36 के लगभग सीटें जीतकर सरकार बना रही है , इसके अलावा वही तीसरी तरफ समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई मेघालय की भविष्यवाणी में भी लिखा गया था कि मेघालय में भी एनसीपी को 24 सीटों के आसपास सीटें मिल सकती है , जो ( गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब , पार्ट नम्बर - 01 ) ने सटीक आंकड़े दिए हैं और मेघालय में भी एनसीपी 25 के लगभग सीटें जीतकर बड़ी पार्टी के रुप में उभरी है , ज्ञात रहे की ( गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब , पार्ट नम्बर - 01 ) ने तीनों ही राज्यों ( त्रिपुरा , नागालैंड , मेघालय ) की सभी बड़ी बड़ी पार्टियों के न केवल सटीक आंकड़े दिए हैं अपितु सभी बड़ी बड़ी पार्टियों के सीटों के भी सटीक आंकड़ें दिए हैं जो कि ( गुरु हस्ती भविष्यवाणी लैब , पार्ट नम्बर - 01 ) के लिए पहली ही बार में एक बहुत बड़ा कीर्तिमान बन गया है , नाहटा ने तीनों ही विधानसभा ( त्रिपुरा , नागालैंड , मेघालय ) चुनावों की सत्य साबित हुई इस भविष्यवाणी को भी 1008 श्री हस्ती मल महाराज साहब के चरण कमलों में एवं उनके निमाज गांव स्थित समाधि स्थल पर समर्पित किया है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

## अवैध हथियार पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)**। जिला स्तर पर चलाये जा रहें प्रदेश के अवैध हथियार धरपक्कड अभियान के अर्न्तगत चुनाराम जाट पुलिस अधीक्षक अजमेर के निर्देशानुसार ब चेनाराम बेडा पुलिस थानाधिकारी सदर के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाकर टीम को अवैध हथियार रखने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये उक्त निदेशो को अमल करते हुए टीम ने लगातार संदिग्धों के ठिकानो पर दबिश कारवाई की तथा मुखबीर की सूचना पर आरोपी मोईनुद्दीन उर्फ मोईन पुत्र अब्दुल गनी मंसुरी जाति मुसलमान उम्र 27 साल निवासी रामबाग कॉलोनी मसुदा को एक अवैध हथियार पिस्टल व 2 जिंदा कारतुस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी मोईनुद्दीन उर्फ मोईन के विरूध्द आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।



## राजस्थान अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ शाखा अलवर की जिला कार्यकारिणी की बैठक चार मार्च को

**राजगढ़ (अलवर)**। राजस्थान अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ शाखा अलवर की जिला कार्यकारिणी की बैठक 4 मार्च को होटल स्वरूप विलास में संघ के जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बबेली की अध्यक्षता में आयोजित होगी। संघ के जिला प्रवक्ता दलबीर सिंह चौधरी ने बताया कि जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक अलवर के स्वरूप विलास होटल में शनिवार को सुबह ग्यारह बजे आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि चुनाव होने के पश्चात संघ की यह प्रथम बैठक है बैठक में पूर्व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिले के समस्त अतिरिक्त व सहायक विकास अधिकारी भाग लेंगे।

## गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों पर साधा कांग्रेस ने साधा निशाना

गरीबो का सितारा

**भीलवाड़ा**। शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गैस सिलेंडर के बढ़ते हुए दामों की कड़ी निंदा की है। अध्यक्ष दिलीप गुर्जर ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार सत्ता में आने के बाद से आम आदमी के हितों के खिलाफ काम कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष व नगर प्रवक्ता जयंत जीनगर ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी राज में पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर में बढ़ोतरी एक और झटका है। तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि मोदी राज में महंगाई आसमान छू रही है और लोग परेशान हैं। एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाकर सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसे आम आदमी के हित से कोई लेना देना नहीं है। अध्यक्ष दिलीप गुर्जर ने आगे कहा कि राज्य सरकार ने बजट में घोषणा की थी कि वह महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए गरीबों को 500 रुपये की रियायती दर पर सिलेंडर उपलब्ध कराएगी, जबकि इसके विपरीत केंद्र लोगों पर अधिक वित्तीय बोझ डाल रहा है।



## राष्ट्रीय गौ भक्त संत श्री ने गंगापुर गौशाला का निरीक्षण किया




गरीबो का सितारा

**गंगापुर**। नगर पालिका गंगापुर द्वारा संचालित श्री कृष्ण गौशाला में राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत श्री गोपालानंद सरस्वती जगदीश गोपाल जी महाराज द्वारा निरीक्षण किया गया। महाराज जी उत्तराखंड में आयोजित होने वाली गौकथा के लिए जाते वक्त कुछ क समय के लिए गौशाला रुके निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष दिनेश चंद्र तेली को निर्देश दिया कि बीमार व कमजोर गोवंश, नंदी और बछड़े को प्रथक प्रथक रखकर उनकी उनकी सेवा की जावे महाराज जी ने कहा कि गंगापुर नगर पालिका द्वारा गौमाता की भाव से सेवा की जा रही है इसके नगर पालिका मंडल वह नगर पालिका प्रशासन को धन्यवाद दिया महाराज जी कहा कि राजस्थान में सभी जगह नगरपालिका द्वारा इस तरह गायों की देखभाल की जाए तो गोवंश को बचाया जा सकता है इस अवसर पर गौशाला में महेश तेली, भीम सिंह राजपूत नंद किशोर हीरा लाल तेली, मदन लाल तेली, मनोहर लाल तेली जगदीश माली रुपेशमाली ,प्रकाश तेली,लादूलाल तेली,संजय आचार्य, अर्जुन लाल जीनगर, संजय तेली,कन्हैया लाल माली एवम नगर पालिका से गौशाला कर्मचारी गण उपस्थित थे । महाराज जी द्वारा उत्तराखंड के लिए प्रस्थान किया गया।

## बैंककर्मी से हथियार के बल पर लूट, कलेक्शन कर पैसा जमा करने जा रहा था कर्मचारी

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़**। बदमाशों के द्वारा हथियारों की नोक पर बंधन बैंक के कर्मचारी के साथ लूट करने का मामला सामने आया। बहरोड कस्बे में नई सब्जी मंडी के पास स्थित बंधन बैंक के कर्मचारी राहुल देव वर्मा ने बहरोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह गुरुवार को कोहराणा गांव से लगभग 1 बजकर 50 मिनट पर कलेक्शन करके आ रहा था। उस समय जीडी स्कूल के पास दो व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल स्पलेंडर प्लस लेकर आए और मेरी मोटरसाइकिल के आगे लगाकर मुझे रुकवा लिया और हथियार दिखाकर मारने की धमकी देते हुए मेरे पास से 30 हजार 100 रुपए जबरदस्ती छीन लिए। मुझे बंदूक से मारने की धमकी देते हुए किसी के पास भी फोन नहीं करने के लिए कहा और कोहराना की तरफ अपनी मोटरसाइकिल लेकर भाग गए। मैंने 100 नंबर पर सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। लेकिन तब तक वह दोनों फरार हो चुके थे।



### शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत अधिकारियों के दिखे तेवर

# बेवांजा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मैसर्स पारस फ्लोर मिल्स का किया औचक निरीक्षण

### अब तिलपट्टी के शहर में मिलावटखोरों पर कब कार्रवाई होगी ?

**अजमेर/ ब्यावर (अनिल सिखवाल)**। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सीएमएचओ अजमेर डॉक्टर ए. के. पिंगोलिया के निर्देश पर फूड सेफ्टी टीम ने बेवांजा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मैसर्स पारस फ्लोर मिल्स का निरीक्षण किया। जिसमें अनेक प्रकार की अनियमितताएं पाई गई। मैदा के 325 कट्टों पर निर्माण तिथि में आगे की दिनांक 5 एवम 6 मार्च अंकित की गई थी जबकि इसकी एक्सपायरी डेट 25 दिन की होती है। कट्टों पर बैच नंबर अंकित नहीं किए किए गए थे इस प्रकार खाद्य पदार्थों की पैकिंग पर आगे की दिनांक अंकित कर बिना बैच नंबर के विक्रय करना खाद्य सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। मौके पर टीम द्वारा उक्त कट्टों का विक्रय रोकते हुए और सही दिनांक और बैच नंबर अंकित करने एवम् भविष्य में पुनरावृति नहीं करने हेतु फर्म के मालिक हरीश बाबानी को पाबंद करते हुए उक्त कृत्य हेतु नोटिस जारी किया गया। मौके पर तैयार किए गए गेहूं के आटा और सूजी के नमूने लिए गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इसी क्रम में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मैसर्स सिंघल इंडस्ट्रीज से चना दाल का एक नमूना लिया गया और परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। दिलवाड़ी गांव स्थित मैसर्स मोफत जी डेयरी प्लांट का भी टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी,प्रशिक्षु घनश्यामसिंह ,मुकेश वैष्णव, डेयरी प्रतिनिधि दीपक वैष्णव एवं सहायक राजकुमार इंदौरिया शामिल रहे। जिस तरह से कुछ दिनों से राजस्थान के हृदय स्थली अजमेर शहर में फूड इंस्पेक्टरों के द्वारा कार्रवाई की जा रही है वह बिल्कुल ही मुक्त कंठ से प्रशंसा करने योग्य है लेकिन ब्यावर शहर जो राजस्थान में तिलपट्टी के नाम से काफी ख्याति प्राप्त है यदि उक्त शहर की बात करें तो यहां मिलावट करने वालों के बल्ले बल्ले होती दिख रही है गुप्त सूत्रों की माने तो कई लोगों के इस तरह के प्रश्न है कि आखिर तिलपट्टी के शहर में मिलावट के काले धंधे करने वाले मिलावटखोरों पर लगाम कब कसी जाएगी अथवा इनके गोरखधंधे इसी तरह चलते रहेंगे वैसे देखा जाए तो राजस्थान में मिलावटखोरों की कमी नहीं है लेकिन जिस तरह से अजमेर शहर में फूड इंस्पेक्टर अथवा स्वास्थ्य निरीक्षक मिलावटखोरों पर लगाम कसने में तेवर दिखा रहे हैं जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही जरूरी है निसंदेह फूड एस्पेक्ट्रो को अजमेर जिले के आसपास के क्षेत्र में चलने वाले मिलावटखोरों के गोरखधंधे पर भी लगाम कसनी चाहिए।






## होली मिलन एवं गो-शाला उद्घाटन व गर्ल्स स्कूल मे बालिकाओ को जूते और जुर्राब वितरण समारोह का होगा आयोजन

### शनिवार को जय लायंस क्लब गढ़ीसवाईराम के तत्वाधान मे आयोजित होगा कार्यक्रम

गरीबो का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना**। अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के गढ़ीसवाईराम कस्बे के जय लॉयन्स क्लब के तत्वाधान मे चार मार्च शनिवार दोपहर ढाई बजे लक्ष्मनगढ़ उपखण्ड के ग्राम बिदरका मे राजगढ़-लक्ष्मनगढ़ विधायक जौहरीलाल मीना के मुख्यातिथ्य मे होली मिलन एवं गौ-शाला उद्घाटन समारोह मनाया जायेगा जिसमे विशिष्ट अतिथि रैणी पंचायत समिति के प्रधान मीरा मांगेलाल मीना व लक्ष्मनगढ प्रधान जाकिर हुसैन होगे तथा अतिथि के रूप मे रैणी एसडीएम अनील सिंघल , लक्ष्मणगढ़ एसडीएम सुभाष यादव तथा राजगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश मीना भी मौजूद रहेगें। कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर परिसर मे बुद्धवार को सायं जय लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष अशोक जैन की अध्यक्षता मे एक मिटिंग आयोजित हुई जिसमे क्लब के सदस्य प्रमोद जैन व रामअवतार खण्ड़ेलवाल के द्वारा एक वर्ष के आय व्यय का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ कर सुनाया गया तथा उद्घाटन समारोह की व्यवस्थाओं के बारे मे चर्चा की गई। अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि होली मिलन समारोह के बाद सामुहिक भोजन की व्यवस्था की गई है। सरपंच प्रतिनिधी धर्मचन्द ने बताया कि शनिवार को ही बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओ को जय लायंस क्लब की ओर से जूते-जुर्राब वितरण किए जाएंगे और गौ शाला बिदरका के निर्माण कार्यो का भी उद्घाटन किया जावेगा। मिटिंग मे सरपंच प्रतिनिधी धर्मचन्द बैरवा , पूर्व सरपंच प्रहलाद मीना , छोटेलाल मीना , राजेश नधेडि ?ा , भगवत झालानी , अशोक खण्डेलवाल , हरिया सोनी , हरीमोहन गुप्ता , अशोक गोयल , प्रहलाद कोली, भोली जैन , कम्मू सोनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।



## भारत विकास परिषद द्वारा गोवंश को गत 100 दिनों में 100000 किलो से अधिक चारे का वितरण

गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)**। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा चलाए जा रहे चारा वितरण प्रकल्प के अंतर्गत तिजारती गौशाला, मसूदा रोड पर गोवंश को नियमित चारा वितरित किया जा रहा है ज्ञात हो कि लंपि बीमारी के बाद संक्रमण से ठीक हुई गायों तथा आवारा गोवंश को प्रशासन द्वारा तिजारती गौशाला के गोवर्धन धाम में रखा गया था। जहां गत 21 नवम्बर से भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा नियमित रूप से प्रतिदिन 1000 से 1200 किलो चारा वितरित किया जा रहा है। परिषद द्वारा बताया गया कि विगत 100 दिनों में कुल 105350 किलो चारा वितरित किया जा चुका है जो संस्था व शुभचिंतकों के माध्यम से लगातार जारी है परिषद सदस्य व शुभचिंतक अपने शुभ दिवसों जैसे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ के अतिरिक्त अपने परिजनों की स्मृति में भी यहां चारा वितरण में सहयोग कर पुण्य के भागी बनते हैं। परिषद द्वारा बताया गया कि इस प्रकल्प को अनवरत चालू रखने के लिए नगर के नागरिकों का सहयोग भी अपेक्षित है।



## भाजपा महिला मोर्चा अलवर दक्षिण की संगठनात्मक बैठक हुई आयोजित

गरीबो का सितारा

**राजगढ़ (अलवर)**। भाजपा महिला मोर्चा अलवर दक्षिण की एक संगठनात्मक बैठक कस्बे के निजी कार्यालय पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बादाम देवी ने कहा कि केंद्र की सरकार जनहित के कार्य कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाए जन धन योजना, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि योजना, गरीब कल्याण योजना सहित आमजन को राहत पहुंचाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह सभी योजनाएं धरातल पर लागू हुई है। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य व महिला मोर्चा अलवर जिला प्रभारी उर्मिला जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए समर्पण निधि अभियान में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही। आगामी 4 मार्च को विधानसभा घेराव में भी अलवर जिले से अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इससे पूर्व अतिथियों ने भारत माता व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मीना खंडेलवाल, प्रीति रानी, जिला महामंत्री प्रीति विजय, आरती बहुगुणा, सोनाली शर्मा, आईटी सेल मीना अरोड़ा, एनजीओ राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम, रंजना, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना शर्मा, सुमन दीक्षित, पदमा गोयल, सीमा विजय, राजेश्वर शर्मा, नीरज शर्मा, मीना विजय, किरण शर्मा, रितु विजय, पार्षद प्रीति शर्मा व सीता जोशी सहित अनेक महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।



## ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा टीम के कार्यकर्ताओ ने सरकारी अस्पताल मे चिकित्सक की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

### अनेक बार ज्ञापन देने के बाद भी स्थानीय विधायक द्वारा व राजस्थान सरकार द्वारा नही दिया जा रहा ध्यान

गरीबो का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना**। अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पिछले 5--7 वर्षो से महिला डाक्टर सहित अनेक विशेषज्ञ चिकित्सको की कमी से क्षेत्र की आमजनता को परेशानी का सामना करना पड रहा है। रैणी के सरकारी अस्पताल मे चिकित्सक लगवाने के लिए अब से पूर्व मे भी अनेको बार ज्ञापन दिए जा चुके है लेकिन किसी भी स्तर से आज तक भी रैणी अस्पताल मे महिला डाक्टर व महिला कम्पाउण्डर और दूसरे स्वीकृत डाक्टर्स मे से एक भी नही लगाया है। डाक्टर्स लगवाने के हाल ही मे पिछले माह मे रैणी बीजेपी कार्यकर्ताओ द्वारा भी रैणी भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व मे रैणी एसडीएम अनिल सिंघल को ज्ञापन सोपते हुए 28 फरवरी 2023 तक का अल्टीमेटम दिया था लेकिन उनके अल्टीमेटम से भी आज तक कुछ भी व्यवस्था नही हो सकी है रैणी के सरकारी अस्पताल मे। गुरुवार को फिर से रैणी ईआरसीपी टीम के सदस्य के द्वारा रैणी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की समस्याओ की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियो को अवगत कराया है और गुरुवार को रैणी प्रधान कार्यालय मे आकर ज्ञापन सोपते हुए डाक्टर लगवाने का आग्रह किया है। इस दौरान मौके पर रैणी सरपंच प्रतिनिधी शिवचरण सैदावत , रविन्द्र रैणी , रमेश बमणावत , अशोक बाजोली , राजेश इटोली , अशोक रामपुरा , बलराम बालोत , निशु भजेड़ा , राजकुमार, ललित शर्मा ईटोली , छोटू महर सहित आसपास अनेक युवा उपस्थित रहे।मिडिया को यह सारी जानकारी अशोक बाजोली के द्वारा दी गई है।



## होलिका दहन 6 मार्च को और धुलंडी 7 मार्च को मनाई जाएगी

### होली का पर्व सभी भारतीयों के लिए वसुदेव कुटुंबकम की भावना से युक्त : पंडित अविनाश उपाध्याय

गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)**। फाल्गुन शुक्लपक्ष की प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा को होलिका का दहन किया जाता है, चूंकि इस बार फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी सोमवार 6 मार्च को पूर्णिमा तिथि दोपहर 4:17 से प्रारंभ होकर अगले दिन सायं 6:09 तक रहेगी अतः 6 मार्च को ही होलिका का दहन किया जाएगा। पर 6 मार्च को भद्रा दिन में 4:17 से प्रारंभ होकर अगले दिन प्रातः 5:14 तक रहेगी और साथ ही चंद्रमा सिंह राशि पर है और सिंह राशि की भद्रा ज्योतिष के अनुसार मृत्युलोक की भद्रा मानी जाती है, अतः भद्रा में होलिका का दहन किया जाना वर्जित माना गया है। परंतु शास्त्रों में भद्रा परिहार के नियम भी बताए गए हैं। जैसे - धर्म सिन्धुः --" निशिथोत्तरं भद्रा समाप्तौ भद्रामुखं त्यक्त्वा भद्रायामेव होलिका दीपनम्।"( अर्धरात्रि के बाद भद्रा समाप्त होती हो तो भद्रामुख छोड़कर भद्रा में ही होलीका जलानी चाहिए ), जैसे - निर्णय सिन्धुः --" प्रदोषव्यापिनी ग्राह्या पौर्णिमा फाल्गुनी सदा ,तस्यां भद्रामुखं त्यक्त्वा पूज्या होला निशामुखे। " ति नारद वचनात) (फाल्गुन मास की पूर्णिमा प्रदोष व्यापिनी लेनी चाहिए, जिसमें भद्रा के मुख को छोड़कर सायंकाल के समय होलीका का पूजन करना चाहिए यह नारद कहते हैं ) शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि की भद्रा दिन की भद्रा कहलाती है और नियम के अनुसार यदि दिन की भद्रा रात्रि में हो तो भद्रा का दोष नहीं लगता अपितु वह सुखदात्री बन जाती है, इन सब नियमों के अनुसार इस बार होलिका दहन का शुभ मुहूर्त फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्दशी सोमवार 6 मार्च प्रदोष वेला में सायं 6:38 से 9:06 तक होलिका दहन करना श्रेष्ठ रहेगा और इसके अगले दिन 7 मार्च मंगलवार को रंगोत्सव, धुलंडी व रंगों वाली होली खेली जाएगी।




सितारा न्यूज नेटवर्क SPECIAL NEWS सितारा न्यूज नेटवर्क

## कीचड़ से भरे रास्ते की ग्रामीणों ने खुद की सफाई, पंचायत व प्रसासन पर लगाए आरोप

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा कोटपूतली**। क्षेत्र के पनियाला ग्राम के वार्ड नं. 2 स्थित गुर्जर व ब्राह्मणों के मौहल्ले में आम रास्ते पर जल भराव के चलते गंदगी व किचड़ से ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि विगत 6 माह से आम रास्ते पर जल भराव के चलते ग्रामीण वृद्ध, महिलायें व स्कूली बच्चे परेशानी का सामना कर रहे है। स्थिति इतनी विकट है कि रोजमर्रा के कार्यो के साथ-साथ कई बार आपातकालीन स्थिति में भी समस्या और गहरा जाती है। हाल ही में एक वृद्धा का निधन होने पर अन्तिम यात्रा निकालने के लिए भी आम रास्ते पर जल भराव व किचड़ की स्थिति बनी हुई थी। इससे निपटने के लिए ग्रामीणों ने स्वयं ही रास्ते पर सफाई की। जिसके बाद वृद्धा को अन्तिम संस्कार के लिए ले जाया जा सका। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन को कई बार इस बाबत शिकायत की गई लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सीसी सडक व नाला बनवाये जाने की माँग की है।



पहले का लिया दृश्य



अब के हालात

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

नगर भ्रमण पर निकलेंगे **खाटूनरेश**

# ओ नीले घोड़े वाले, तेरे खेल हैं निराले खाटू वाले तेरा तो जवाब नहीं...

**आज नीले के रथ पर सवार होंगे बाबा श्याम धणी ?**

**मेले का उत्साह चरम पर**

**"सितारा न्यूज नेटवर्क के खास संवाददाता सभी पाठकों को लाइव दर्शन की अनुभूति करवा रहे है"**



विनोद घायल
सीनियर रिपोर्टर
गरीबों का सितारा

नरेश कुमावत
फोटोजर्नलिस्ट
गरीबों का सितारा

अरविन्द कुमार
सहयोगी रिपोर्टर
गरीबों का सितारा

जनीश सिंह
लाइव प्रसारण रिपोर्टर
गरीबों का सितारा

साधना सेठी
महिला संवाददाता
गरीबों का सितारा





गरीबों का सितारा

**खाटूश्यामजी/रींगस।** मेले में श्याम भक्तों का अनूठा संगम खाटू धाम में देखने को मिल रहा है। सभी अलग अलग रंग बिरंगी पोशाक, अलग-अलग भाषाओं का समावेश खाटू धाम में मिल रहा है मानों भारतीय संस्कृति की असली पहचान इस समय खाटूधाम में देखने को मिल रही है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी को शुक्रवार को बाबा श्याम नीले घोड़े पर बैठकर नगर का भ्रमण करेंगे। हारे के सहारे बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेला अपने शिखर पर पहुंचा रहा है। देश की चारों दिशाओं से श्याम भक्त बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए खाटू नगरी में पहुंच रहे हैं। रिंग्स रोड़ पर श्याम भक्तों की कतार लगातार बनी हुई है बाबा श्याम के लक्खी मेले में बुधवार सुबह से भीड़ बढ़ने की वजह से प्रशासन ने दर्शन मार्ग का रास्ता परिवर्तित किया।



खाटूश्यामजी लक्खी मेला विशेष कवरेज
सितारा न्यूज नेटवर्क
LIVE


## आज निकलेंगे बाबा श्याम नगर भ्रमण को

बाबा श्याम अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए अपनी हवेली से एकादशी को मुख्य बाजार में शुक्रवार को नगर भ्रमण करेंगे नीले घोड़े पर बनड़ा सा बनकर बाबा श्याम की शाही सवारी जिसमें बैंडल, तरासा, चंग के साथ गुलाल उड़ते हुए भक्त रथ के आगे नाचते गाते आयेंगे। गौरतलब है कि बाबा श्याम फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी को ही अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए आते है। इस दौरान भक्तों में रथ की छूने की लालसा खजाने के रूप में प्रसाद लेने की अभिलाषा के साथ श्याम भक रथ के साथ चलते है।

## दर्शनार्थी कर रहे व्यवस्थाओं की प्रशंसा

श्याम के वार्षिक लक्खी मेले में इस बार श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा की गई व्यवस्थाओं के चलते हो रहे सुगमतापूर्वक दर्शन व्यवस्था से श्याम भक्तों को कम समय में दर्शन लाभ हो रहे हैं बाबा श्याम फाल्गुन मेले अपनी डोर खींच रहा है तो भक्त उस दौर के साथ खींचे चले आ रहे हैं। बाबा श्याम के नगरी से जुड़ने वाले हर मार्ग पर बाबा श्याम के भक्तों के हुजूम उमड़ रहा है। बाबा श्याम के दीवाने बाबा के जयकारे लगाते हुए श्याम बाबा के अलौकिक अंगार के दर्शन कर खुशहाली की कामना कर रहे हैं। हाथों में रंग बिरंगी निशान लेकर श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए श्याम भक्त अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए खाटूश्यामजी पहुंच रहे हैं।









श्याम भगत जग में **बड़े उनको करू प्रणाम...**

# हर महीने दर्शन के लिए मुम्बई से पदयात्रा कर आता है ये भक्त

**अभी तक 52650 किमी पैदल चल चुका है, मुंबई से खाटूश्याम दूरी 'शून्य' किलोमीटर**

गरीबों का सितारा

**सीकर/खाटूश्यामजी।** हैडलाइन पढ़ कर आप सभी आश्चर्यचकित हो गये ना कि ऐसा कैसे हो सकता है? पर इसी बात को सत्य बना दिया खाटूश्याम के एक सेवक "चंद्रप्रकाश ढांढण" ने। लगातार 39 बार मुंबई से खाटूश्याम पद यात्रा जिसकी कुल दूरी तकरीबन 52650 किलोमीटर होती है, खाटूश्याम के इस सेवक ने अपने पैरों से बिना थके पूरी कर इस हेडलाइन को सत्य बना दिया है। 2018 में राजस्थान के फतेहपुर शेखावाटी के पास एक छोटे से गांव ढांढण से यह बंदा मायानगरी मुंबई में सबकी तरह पैसा कमा कर अपने सपनों को पूरा करने आया और एक समय तक भाग दौड़ करके 2019 में एक अच्छी नौकरी भी ढूंढ ली पर जिस दिन नौकरी मिली उसी दिन पता नहीं क्या हुआ कि जिस बंदे को नौकरी पर जाना था वो बंदा अचानक से बाबा का निशान उठा कर अकेले हि निकल पड़ा एक मिशन पर जिसे बाद में खाटूश्याम के भक्तों ने नाम दिया।

### ऐसी एकादशी जब सिर्फ चन्द्र प्रकाश ही खाटू पहुंच पाए

खाटूश्याम के इस फाल्गुन मेला में हम से बात चीत में ढांढण ने? बताया कि कोरोना काल? में भी पहले लोकडाउन में खाटू में थोड़ा विश्राम करने को छोड़ दें तो इनकी यात्रा उस महामारी में भी अनवरत चलती ही रही , 4 अप्रैल 2020 को कोरोना के समय पहली एकादशी जब पूरा देश कोरोना महामारी के लोकडाउन में अपने घरों में बंद था तब भी बाबा ने? अपनी अनवरत निशान यात्रा इस अकेले भक्त से? करवाई, उस समय मात्र एक चंद्रप्रकाश का निशान ही बाबा को अर्पित हुआ और सिर्फ चन्द्र प्रकाश ही उस समय एकमात्र खाटू पहुंचे । चंद्रप्रकाश ने? हमें बताया कि आरंभ कि 31यात्रा उन्होंने एक हि मार्ग से की परंतु 31वीं यात्रा में इनके साथ कुछ अज्ञात लुटेरों ने लूट पाट की, उसके बाद इन्होंने यात्रा का रास्ता बदल लिया।

### भक्ति की शक्ति

जब ये बंदा अचानक से अकेले हि बाबा कि भक्ति में लीन हो निकल पड़ा तो एक भजन कि पंक्ति "डोरी थाम के राखिजे यो है बाबा को निशान, पैदल चालणिये के सागै चाले हनुमान " को सार्थक करते हुए सबसे पहले श्री सालासर बालाजी कि कृपा से निर्मित जन सहयोग से जन सेवार्थ संचालित संस्था श्री अंजनीकुमार सेवा ट्रस्ट ने आगे आकर इस भक्त और इसकी भक्ति को पूरे रास्ते में श्याम भक्तो से जोड़ इसकी प्रथम यात्रा को सुनियोजित तरीके से पूरा कराया तथा जैसे ही यह बंदा खाटूश्याम पहूंचा, वहां पर पूरे भारत वर्ष के श्याम प्रेमियों ने पलक पांवड़े बिछाकर इसका स्वागत किया, इसकी भक्ति कि शक्ति तो देखिए कि अपने इस शिष्य का स्वागत करने स्वयं गुरु श्री राजू मेहरा और संगीत सम्राट संजय मित्तल तक कला भवन, खाटूश्याम पहूंच गये। आज 39वीं यात्रा पूरी कर हमारे संवाददाता से हुई बातचीत में चंद्रप्रकाश ढांढण ने हमें बताया कि किस तरह से उन्होंने यह यात्रा बाबा के आदेश पर आरंभ की और अब तक अपनी इन यात्राओं के दौरान इन्होने जंगल और देहात में भी श्याम कीर्तन और श्याम मंदिर बनवा भक्तों को उनके श्याम से मिलवाया। ढांढण के अनुसार बाबा ने संभवतः हर मन में श्याम ज्योति जगाने के माध्यम से ही इनसे ये यात्रा करवाई है और आगे भी करवाते रहेंगे। चंद्रप्रकाश एक भजन गायक है और बाबा के बहुत से भजन इन्होंने इन यात्राओं में चलते चलते बनाये है।



# खाटूश्यामजी मेले में स्काउट गाइड दिन-रात जुटे सेवा में

**चार पारियों में लगातार 24 घंटे दे रहे हैं सेवा का मौका**

गरीबों का सितारा

**खाटूश्यामजी।** श्री श्याम फाल्गुनी लक्खी मेले में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मेला सेवा शिविर का राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।निरीक्षण करने पहुंचे राज्य संगठन आयुक्त ने ड्यूटी पाँइंटों पर पंहुचकर स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य को देखकर उन्होंने पीठ थपथपाई । शिविर संचालक एवं सीओ स्काउट बसंत कुमार लाटा ने बताया कि चार पारियों में लगातार 24 घंटे श्याम भक्तों के बीच में अग्रणी सेवा कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्काउट गाइड द्वारा खाटूश्यामजी तोरण द्वार से नया तिराहा से लामिया तिराहा, जिक जैक, मोदी ग्राउंड, लखदातार ग्राउंड,श्याम चौक,यश्याम कुंड, मंदिर परिसर, मंदिर के सामने मेला मजिस्ट्रेट , कबूतर चौक, एवं मेला परिक्षेत्र में अपने ड्यूटी पॉइंट पर सेवा कार्यों को संभाल रहे हैं। इसके साथ ही स्काउट गाइड द्वारा मेला परिसर में, जल सेवा खोया पाया, प्राथमिक सहायता, कतारें बनवाना, दिव्यांग सहायता ,भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, वृद्ध जनसेवा, सड़क सुरक्षा एवं विकंलाग व्यक्तियों को व्हील चेयर से पहुंचाना सहित विभिन्न सेवा कार्यों को अंजाम दे रहे है तथा जिला प्रशासन सीकर की मुहिम "श्याम भक्त नंगे पांव आएगा तो सही पर नंगे पांव जाएगा नहीं" की तर्ज पर खाटूश्यामजी मेले में भारत स्काउट गाइड के सदस्यों द्वारा गुम हुए जूते



चप्पलों के पेयर बनाकर नंगे पांव जाते हुए श्याम भक्तों को वितरित कर उनकी सेवा में दिन-रात जुटे हुए हैं।

### जीवन जीने की कला है

इस दौरान राज्य संगठन आयुक्त पूरण सिंह शेखावत ने अपने उद्बोधन ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग जीवन जीने की कला है वह भारत स्काउट गाइड के सदस्य सेवा पथ के राही है। सीकर जिले के स्काउट गाइड दिन-रात अग्रणी सेवा कार्यों को संपादित कर रहे हैं जो पूरे राज्य में एक मिसाल है। इन्होंने स्काउट गाइड रोवर रेंजर को स्काउटिंग आंदोलन से जुड़ने के साथ ही आगे से आगे बढ़ने की बात पर जोर दिया। साथ ही इन्होंने कहा कि स्काउट गाइड सेवा का धर्म है। इसलिए इन्होने पूरी टीम को बधाई दी। इस दौरान राज्य संगठन आयुक्त का श्याम दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके बाद राज्य संगठन आयुक्त शेखावत ने बाबा श्याम के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगी। ने इस मौके पर रामलाल चौधरी, सचिव पवन कुमार शर्मा, प्रभुदयाल कुमावत, जनार्दन शर्मा, सुवालाल कुमावत, बाबूलाल गुर्जर, अल्ताब धोबी, विष्णु शर्मा, किशन लाल, संजय कुमार सहगल, प्यारेलाल ओला, पप्पू राम मीणा, सांवरमल छब्बरवाल, राजेंद्र प्रसाद, मोती राम जाट, धनराज सैनी, सीताराम गुप्ता, रामनिवास यादव , अंकित कुमार, राघव शर्मा, निक्की , पितांबर लोरा, सचिन शर्मा, अजय कुमार मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

## घुमंतू समाज की द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन

गरीबों का सितारा

**गरीबों का सितारा, रुपेश शर्मा।** घुमंतू समाज के लिए कार्य करने वाली संस्था घुमंतू जाति उत्थान न्यास के तत्वाधान में आज दिनांक 3 मार्च 2023 को 4:30 दिशा हॉस्पिटल अंबेडकर चौराहे के पास पर द्वितीय घुमंतू प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय घुमंतू कार्य प्रमुख दुगार्दास जी मुख्य वक्ता के रूप में रहेंगे. कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए घुमंतू कार्य प्रमुख अश्वनी जावली ने बताया की घुमंतू समाज में जो भी पिछड़ी जातियां हैं उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए घुमंतू न्यास द्वारा समाज के बच्चों को उत्साहित व प्रोत्साहित करने के लिए द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमन जी खंडेलवाल, विशिष्ट अतिथि अशोक मित्तल, डॉक्टर अवध अग्रवाल, डॉक्टर पंकज गुप्ता, घुमंतू न्यास बोर्ड के जिलाध्यक्ष दीपक गर्ग रहेंगे. दिनांक 2 मार्च 2023 को इस कार्यक्रम के निमित्त एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कैप्टन उमराव लाल सैनी, प्रेम प्रकाश शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, जसवंत कुमार गुप्ता, संदीप शर्मा, कृष्णा खंडेलवाल, एडवोकेट सूर्यकांत, दीपेश नोटरी, रोहन लोहार, लक्ष्मीकांत शर्मा, शीलू गंडूरा, लखन जोशी आदि उपस्थित रहे।

## झगड़े मे धारा 307 के आरोपी को रैणी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर जिले के रैणी थानान्तर्गत 15 फरवरी 2023 को जमीनी विवाद मे प्रकरण संख्या 44/23 मे डॉक्टर की सलाह के अनुसार व एक्स रे व मेडिकल के अनुसार धारा 307 के आरोपी को रैणी पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा जिला अलवर के निर्देशन मे तथा सुरेश खीची अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर व अंजली अजीत जोरवाल वृत्ताधिकारी वृत्त राजगढ के निर्देशन मे मन थानाधिकारी ओमप्रकाश उनि थानाधिकारी रैणी के निर्देशन मे धारा 307 के हमले के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने के गठित टीम इस प्रकार से थी 1. ओमप्रकाश उनि थानाधिकारी पुलिस थाना रैणी 2. जयराम सउनि. पुलिस थाना रैणी 3.शौकत कानि.2049 पुलिस थाना रैणी 4. अरविंद कानि.2612 पुलिस थाना रैणी मिडिया को यह सारी जानकारी रैणी रलड ओमप्रकाश उनि के द्वारा दी गई है।

## अग्रशक्ति महिला मंडल का होली मिलन समारोह सम्पन्न

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** अग्रशक्ति महिला मंडल अलवर ने ओरनेट होटल, जयंती माल में होली मिलन समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया। समारोह का संचालन बहुत ही सुचारू रूप से किया गया जिसमे तरह तरह के मनोरंजक गेम खिलाये गए। लजीज खाने के साथ सुंदर-सुंदर गिफ्ट बांटे गये। समारोह का संचालन मंडल की अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल व उनकी टीम अलका मित्तल, बिमला अग्रवाल, प्रतिभा सिंघल, नुपुर गोयल, रेणु अग्रवाल, अलका गुप्ता, रीना सिंघल, आशिमा गोयल, भावना अग्रवाल, अंजू गोयल, अंजू अग्रवाल, रीता गोयल, तरुणा जलालपुरिया एवं उमा द्वारा किया गया। संयोजकों द्वारा बहुत सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गयी। फूलों की होली , डांस , गाने के साथ समारोह का समापन किया गया।

## वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित

गरीबो का सितारा

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के गोविंद देव जी बाजार स्थित लक्ष्मी बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह उपखण्ड अधिकारी ओपी मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। संस्था के निदेशक मदनलाल शर्मा ने बताया कि शनिवार को सवा बारह बजे कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला में विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार जुगिता मीणा करेंगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सलाहकार लायन खेम सिंह आर्य,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आरडी मीणा,ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार व थानाधिकारी राजेश वर्मा होंगे। यह जानकारी सुनीता शर्मा ने दी।

## खेड़की में अहीर रेजीमेंट का लगाया बोर्ड




गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के खेड़की ग्राम में गुरुवार को युवाओं द्वारा अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग लेकर बोर्ड लगाया गया। पिछले लंबे समय से लगातार युवाओं द्वारा आवाज उठाई जा रही है। युवाओं से लेकर राजनेताओं ने अपनी आवाज उठाई। गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम खेड़की में युवाओं ने पिछले दिनों से चल रहे आंदोलन के तहत अहीर रेजिमेंट हक हमारा स्मृति बोर्ड लगाया। उन्होंने कहा कि अहीर समाज के युवाओं ने मातृभूमि रक्षक करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। देश के रक्षा के प्रति मर मिटे और अमर हो गए। यदि देश में अहीर रेजिमेंट बन जाएगी तो शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी। इस अवसर पर भीम यादव, सहवाग यादव, अजित यादव, गौरव यादव, कृष्ण यादव, विकास, चेतन सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# कॉलेज छात्राओं ने प्रतियोगिता में जीते मैडल

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के नारायणी देवी महिला महाविद्यालय में पाँच दिवसीय उमंग युथ फेस्टिवल के दूसरे दिन गुरुवार को खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बोरी रेस, नींबू चम्मच रेस व मटका दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बोरी रेस में मोनिका यादव पुत्री बाबूलाल यादव गूँती, नींबू चम्मच दौड़ में नेहा पुत्री मनीराम नांगल खोडिया तथा मटकी दौड़ में खुशबू पुत्री रविंद्र कुमार माजरी खुर्द ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।इस दौरान कॉलेज चेयरपर्सन डॉ नीलम यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की हर वर्ष की भाँति महाविद्यालय में पाँच दिवसीय उमंग यूथ फेस्टिवल मनाया जा रहा है। जिसमें आज दूसरे दिन खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुई ।छात्राएं किताबी शिक्षा के साथ साथ रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले ताकि उनकी प्रतिभा निखर सके। इस प्रकार छात्राओ के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी होता है। हमें लगातार शारीरिक श्रम करते रहना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे ।इस अवसर पर कॉलेज सचिव डॉ ओमप्रकाश यादव, डॉ संजय कुमार, अमर चंद शर्मा, पृथ्वीराज यादव, जगबीर यादव, इंदुबाला, पूजा लांबा, रामरतन सूद, ओमवीर, विजेंद्र सैनी, अजय सिंह,कृष्ण कुमार, नितेश कुमार, प्रताप सिंह, वशिष्ठ यादव, विकास यादव, मनोज कुमार, अनिल कुमार प्रजापत सहित स्टाफ व छात्राए उपस्थित रही।





## सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहने वाले शिक्षक गिरधारी सिंह का हुआ स्थानांतरण, सम्मानित कर दी विदाई

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत मालाकाली की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक गिरधारी सिंह रुलाणियां का स्थानांतरण गुमान सिंह की ढाणी खंडेला होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य सुरेश ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक गिरधारी सिंह ने मालाकाली में साढ़े 4 वर्ष का कार्यकाल पूरा किया जिसके दौरान विद्यालय को विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों से जोड़कर ऊंचाई प्रदान की। विदाई समारोह के दौरान कक्षा 12 के विद्यार्थियों को भी विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्या शोभा निठारवाल के द्वारा किया गया। विद्यालय स्टाफ द्वारा वरिष्ठ अध्यापक गिरधारी सिंह को माला पहनाकर, साफा बंधवा कर व श्रीफल भेंट कर उपहार प्रदान किए।



## रींगस बार एसोसिएशन ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की, तीन घंटे दिया धरना

गरीबो का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** प्रदेश के जोधपुर में हुए अधिवक्ता जुगराज चौहान हत्याकांड व कर्णपुर में हुए अधिवक्ता सुरेंद्र पाल सिंह के आत्महत्या प्रकरण में दोषियों को गिरफ्तार करने व एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर रींगस अभिभाषक संघ द्वारा अध्यक्ष भागीरथ सिंह कुड़ी के नेतृत्व में न्यायालय परिसर में 3 घंटे धरना देकर प्रदर्शन किया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष भागीरथ सिंह कुड़ी ने बताया कि जोधपुर बार के आह्वान पर दोपहर 12 से 3 तक वकीलों द्वारा धरना देकर समर्थन प्रदान किया गया। प्रदेश सरकार के जन घोषणा पत्र में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की घोषणा होने के बावजूद भी वकीलों की सुरक्षा का कानून नहीं बनाया जा रहा है प्रदेश में रोजाना वकीलों पर हत्या, हमले आदि होने के कारण वकील गंभीर अपराधों की पैरवी करने से डरने लग गए हैं। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद पारीक, सचिव पृथ्वीराज सिंह शेखावत, कैलाश चंद धायल, शंकरलाल रुलानिया, कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेहरा, उपाध्यक्ष राजकुमार सिंघल, दीपचंद बलौदा, कुंदन बलौदा, राजेंद्र कुमार बाजिया, दिनेश बाजिया, पवन कुमार खुड़ीवाल, राजेंद्र चौधरी, अंकित कुमावत, रमेश शर्मा, राकेश कुमार कुड़ी, मुकेश कुमार साखुनियां, राकेश मील, भंवरलाल कुड़ी, नेमीचंद जाखड़, जयपाल निठारवाल आदि मौजूद थे।



## श्रेष्ठ नागरिक बनकर समाज और देश की सेवा करें : हर प्रसाद कुशवाहा

### सैदपुरा में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बारिश उत्सव

गरीबों का सितारा

**भरतपुर/ सैदपुरा।** प्रदेश के भरतपुर जिले में सैदपुरा ग्राम पंचायत स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में गुरुवार को बारिश उत्सव धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैदपुर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि और उज्जैन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरप्रसाद कुशवाहा ने की। इस मौके पर पूर्व सरपंच सोहन लाल जाटव सहित ग्राम पंचायत और आसपास के इलाके के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अपने स्वागत भाषण में समारोह के मुख्य अतिथि हर प्रसाद कुशवाहा ने छात्र छात्राओं से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ें तथा पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी अपनी रूचि के अनुसार खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेवे। कुशवाहा ने कहा कि घर पर अपने माता-पिता और बड़ों का सम्मान करें तथा सुबह जल्दी उठे और शरीर की साफ सफाई का पूरा ध्यान रखें नियमित रूप से योगा करें ' कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि स्कूल में अध्यापकों का पूरा सम्मान करें। आने वाले दिनों में बहुत जल्दी से वार्षिक परीक्षाएं आयोजित होने वाली है इसलिए परीक्षाओं के मध्य नजर खुद के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें तथा परीक्षाओं के बारे में सोचकर घबराए नहीं और शरीर और मन को मजबूत रखें ' कुशवाहा ने छात्र छात्राओं से कहा कि वे समाज और देश का भविष्य है इसलिए समय काफी कीमती है हर एक पल जीवन के लिए अमूल्य है इसके लिए समय को बर्बाद नहीं करें तथा श्रेष्ठ नागरिक बनकर अपने परिवार समाज और देश का नाम रोशन करें ' इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य सत्यपाल आचार्य ने समारोह में आए आगंतुक मेहमानों का स्वागत किया और कहा कि स्कूल प्रशासन की ओर से छात्रों की पढ़ाई और छात्रों में समाज और देश के प्रति निष्ठा की भावना पैदा करने के लिए स्कूल प्रशासन की ओर से छात्रों को रोजाना अच्छी सीख दी जाती है तथा स्कूल के अध्यापक पूरे मन से छात्रों को पढ़ाते हैं ' स्कूल के प्राचार्य सत्यपाल आचार्य ने ग्राम पंचायत के लोगों को भरोसा दिलाया कि वे बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे ' समारोह में मान सिंह कुशवाहा, हरी विलास बघेल, भगवान सिंह सहित स्कूल के अन्य अध्यापक मौजूद रहे ' इस मौके पर छात्राओं ने देसी और फिल्मी गानों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया ' रंगारंग कार्यक्रम को देखकर गांव वाले भी काफी गदगद हो गए।





## नरेश निमावत स्मृति संस्थान की ओर से सेवा शिविर

गरीबों का सितारा

**खाटूश्यामजी (नरेश कुमावत)।** हारे के सहारे बाबा श्याम के वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले में नरेश निमावत स्मृति संस्थान खाटूश्यामजी द्वारा श्याम शरण में आने वाले भक्तों, श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए सेवा शिविर शुरू किया गया है। गौरतलब है कि पारंपरिक रिवाज से ऊँट गाड़ियों के साथ सिर पर सिगड़ी लिए महिलाएँ और श्रीश्याम के भजनामृत से आह्लादित नाचते-गाते श्रद्धालुओं का संघ सूरजगढ़ से निशान लेकर मण्ढ़ा मार्ग से खाटूधाम आता है। इस बार सूरजगढ़ का 375 वाँ दिव्य निशान बाबा श्याम के मंदिर के शिखरबंद पर चढ़ाया जाएगा जो अगले वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले तक मंदिर के शिखरबंद पर लहराएगा। नरेश निमावत स्मृति संस्थान खाटूश्यामजी के प्रबंधक अशोक कुमार शर्मा निमावत ने बताया कि मण्ढ़ा मार्ग से आने वाले पदयात्रियों के लिए काशीदा बावड़ी से आगे स्वतंत्रता सेनानी रामेश्वर प्रसाद शर्मा निमावत कृषि फार्म में स्थित नरेश निमावत मार्केट में सेवा शिविर लगाया गया है। पलसाना के वेद नारायण वेद विद्यालय के वेदाचार्य राकेश शर्मा और वेदज्ञ पंडित धर्मेन्द्र शर्मा के सान्निध्य में वेदविद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंगलाचरण से शुरू हुए सेवा शिविर में पदयात्रियों के लिए पेयजल, फलाहार, अल्पाहार और आवास इत्यादि की निशुल्क व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर नरेश निमावत स्मृति संस्थान खाटूश्यामजी के प्रबंधक अशोक कुमार शर्मा निमावत, राष्ट्रपति से सम्मानित वरिष्ठ शिक्षक फूलाराम भादू , देवानन्द शर्मा, पवनसिंह चौहान, अशोक चौधरी, अंकित सैनी, रामगोपाल गुर्जर, मनीष कुमावत, संस्कार विद्यापीठ बाय व गोपाल विद्यालय दाँतला के विद्यार्थी, श्याम भक्तों सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






## शर्मा ने गोविन्दगढ़ में एसडीएम और चौमूँ में एडीएम कार्यालय एवं कालाडेरा में तहसील खोलने की माँग

**बन्दोल की सार्वजनिक भूमि, मोरीजा की 1025 बीघा जमीन को अधिकारियों द्वारा खुर्द-बुर्द करने का विधानसभा विधानसभा में उठाया मामला**

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर )।** विधायक राम लाल शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान माँग संख्या 16 राजस्व और माँग संख्या 31 सामाजिक न्याय पर विधानसभा क्षेत्र चौमूं की समस्याओं को पुरजोर तरीके से विधानसभा में रखा। उन्होने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने बजट में कहा था कि राजस्थान में 3 लाख से अधिक राजस्व के मुकदमे दर्ज हैं। इनको एक अभियान चलाकर निस्तारण करने का काम करेंगे। लेकिन अभी तक सरकार द्वारा कितने मुकदमों का कैंप लगाकर निस्तारण किया गया, वो हम सबके सामने हैं ।उन्होने राजस्व विभाग में होने वाले मामलों के फैसला करने वाले अधिकारी के ऊपर एक विजिलेंस गठित करने की माँग की ताकि पीड़ित व्यक्ति को सही न्याय मिल सके।उन्होंने राजस्व विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज राजस्व विभाग में 70-75% मामले किसी न किसी तरीके से प्रभावित हैं या पैसों से प्रभावित है। राजस्व विभाग में कई फैसले तीन पीढ़ी बीत जाने के बाद भी नहीं होते और पैसों के दम पर तीन महीने में चार पेशी के दौरान ही फैसले कर दिए जाते हैं। ये आज राजस्व विभाग की स्थिति है जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उन्होने सामोद स्थित बन्दोल की सार्वजनिक जमीन को अधिकारियों द्वारा खुर्दबुर्द करने की बात कही। उक्त जमीन को बचाने के लिए मैं स्वयं संभागीय आयुक्त के पास तहसीलदार के आदेश पर स्टे लाने के लिए गया ।लेकिन संभागीय आयुक्त से जवाब मिला कि मुझे माफ करना मेरे ऊपर एक आइएएस ऑफि सर का दबाव है, मैं आपको रिलीफ नहीं दे सकता। साथ ही उन्होने मोरिजा की 1025 बीघा जमीन को खुर्दबुर्द करने का मामला भी विधानसभा में उठाया। उन्होने उपखंड कार्यालयों में 251 ए के लंबित प्रकरणों को तत्काल निस्तारण करने के लिए आदेश जारी करवाने की माँग की ताकि पीड़ित व्यक्ति को अपने खेत में जाने के लिए रास्ता मिल सकें। कालाडेरा में कई वर्षों से बसी डाबर कॉलोनी के पट्टे जारी करने की माँग की। साथ ही उन्होंने पिछली सरकार में विधानसभा क्षेत्र में 13 राजस्व ग्राम जो कई वर्ष बीत जाने के बाद भी रिकॉर्ड में नहीं लिया गया, उन राजस्व ग्रामों को तरमीम करने की माँग की ताकि ग्रामीणों को राजस्व लाभ मिल सके। उन्होंने 25 हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायत कालाडेरा और मोरिजा में राजस्व ग्राम बनाने की माँग की। चौमूँ विधानसभा क्षेत्र में एक एसडीएम कोर्ट होने की वजह से 49 ग्राम पंचायतों के पाँच हजार से अधिक राजस्व प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं इसलिए उन्होने गोविन्दगढ़ में एसडीएम कोर्ट खोलने की और चौमू नगरपालिका क्षेत्र में एडीएम कोर्ट खोलने की माँग की। साथ ही कालाडेरा के अंदर तहसील खोलने की माँग की। उन्होने वीर हनुमान जी सामोद के बंद पड़े रोप वे को पुनः शुरू करने की माँग की। साथ ही उन्होने बजट में की गई 30,000 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की घोषणा को लेकर कहा कि इन भर्तियों में वाल्मीकि समाज के लोगों को प्राथमिकता से लाभ दिया जाना चाहिए। अंत में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र चौमूं में खातेदारी जमीनों पर बसी ग्राम पंचायते की भूमि को स्वायक चक करके आबादी के पट्टे जारी करवाने की माँग की।




### ।। शोक संदेश।।



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पढ़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी भूतपूर्व सैनिक श्री रामअवतार जी शर्मा सुपुत्र स्व.श्री पंडित महावीर प्रसाद जी शर्मा का आकस्मिक स्वर्गवास 01/03/2023 को हो गया है। जिनके तीये की बैठक शुक्रवार 03/03/2023 को दोपहर 1 से 3 बजे तक निज निवास मुख्य ग्राम ढिकोलिया पं.सं उनियारा जिला टोंक में होगी।

**शोकाकुल :** (भाई) किशनगोपाल शर्मा (पुत्र) ललित शर्मा,सन्दीप शर्मा,अश्विनी शर्मा,(भांजा) अंकुर शर्मा,पवन शर्मा,शुभम शर्मा (राडोली,चाकसू) वाले।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## रामनवमी शोभायात्रा के पोस्टर का किया विमोचन



**जयपुर /महेन्द्र प्रताप सिंह।** हिंदू युवा वाहिनी संगठन के द्वारा रामनवमी पर्व पर निकाली जाने वाली विशाल शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन आज गलता तीर्थ के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य जी महाराज ने किया ।जयपुर महानगर मीडिया प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि हिन्दू युवा वाहिनी ने इस शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिये संत समाज व जयपुर कें प्रमुख मंदिर महंतों को इस शोभायात्रा में आने का निमंत्रण दिया है। इसी क्रम में आज गलतापीठ के महंत अवधेशाचार्य जी से मिलकर उनको आने का विन्रम निवेदन किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। अपने ओजस्वी उदबोधन में उन्होंने कहा कि यह शोभायात्रा सनातन धर्म कि परंपराओं से युवा ,महिलायों व पुरुषों को परिचित कराती है। अपने धर्म के प्रति आस्था रखने वाले सर्व हिन्दू समाज संगठन इस शोभायात्रा का हिस्सा बनकर अपने को गौरान्वित महसूस करें। इस अवसर पर हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष केशव अरोड़ा ,संगठन मंत्री भागवेंद्र व्यास ,कोषाध्यक्ष राघव गर्ग ,जयपुर महानगर अध्यक्ष दिनेश हिन्दू ,महामंत्री रोहित महावर ,सांगानेर विधानसभा अध्यक्ष श्रीकांत जांगिड ,एडवोकेट नरेन्द्र खटाना उपस्थित रहे।

## विधानसभा सत्र के दौरान विधायक राम लाल शर्मा ने बेरोजगारी भत्ते को लेकर उठाये सवाल

गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** विधानसभा सत्र के दौरान विधायक रामलाल शर्मा ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को मिलने वाले भत्ते को लेकर सवाल दागे। उन्होंने पूछा कि जयपुर ज़िले में वर्ष 2020 -2022 में कितने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया ' साथ ही जयपुर ज़िले में बेरोजगारी भत्ते हेतु आवेदन करने वालो की संख्या अधिक है या भत्ता मिलने वालो की संख्या कम है को लेकर भी सवाल किया ' उन्होंने पूछा कि इस 2020-2022 तक कितने आवेदन आये और कितनो का निस्तारण किया गया। इस पर उद्यमिता एवं नियोजन मंत्री अशोक चांदना ने जवाब देते हुए कहा कि उक्त योजना अंतर्गत 31675 बेरोजगार आशाथियों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया गया। जिसमें चौमूँ विधानसभा में 6027 को लाभ दिया गया। उन्होंने जयपुर ज़िले में आवेदन करने वाले आशाथियों कीसंख्या 110271 और लाभ प्राप्त करने वालो की संख्या 57746 बताई। इस पर विधायक रामलाल शर्मा ने बेरोजगारी भत्ते के लिए चार घंटे राजकीय कार्यालयों में सेवाये देने के लिए बेरिकेट्स लगाने एवं एक वर्ष में सिर्फ. 2 लाख बेरोजगारो को भत्ता देने का प्रावधान को अनुचित बताते हुए कहा कि बेरोजगार युवाओं को बिना किसी बेरिकेट्स बेरोजगारी भत्ता मिलना चाहिए ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में सभी बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा किया था लेकिन सरकार में पिछले चार सालो से युवाओं के साथ छल करने का काम किया है।




## फागोत्सव आदि गणेश मंदिर में



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** शहर के मंदिरों में होलाष्टक में अलग अलग नजारे देखने को मिल रहे है। जहां फागोत्सव की धूम से भगवान और भक्त भी सतरंगी रंगों में रंगे नजर आ रहे है। दाउजी रोड स्थित श्रीआदि गणेश मंदिर में रंग–बिरंगी गुलाल और राधा कृष्ण की धमाल के साथ प्रथम पूज्य रंगीले नजर आए। मौका था श्री आदि गणेश भक्त मंडल की ओर से आयोजित फागोत्सव का। जहां भक्तों के गणपति के संग जमकर पुष्पों और रंग की होली खेली। इस मौके पर पर प्रथम पूज्य का अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाकर गुलाल व पिचकारियों से झांकी सजाई गई। मंडल अध्यक्ष अविनाश व्यास ने बताया कि भगवान गजानंद को फाग गीतों के साथ पुष्पों की होली खेलाई गई ओर राबडि? का भोग लगाया जाएगा। वहीं कृष्ण राधिका ने फाग गीतों पर जमकर नृत्यों की प्रस्तुति दी। बाद में कृष्ण राधा को पुष्पों से होली खिलाई गई।

## होली का चढ़ा रंग, शहर परकोटे के चौक रम्मतों से सराबोर



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** होली को अब महज चार दिन ही शेष रह गये है, ऐसे में बीकानेर की होली का असर अब शहर के परकोटे में स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। हालांकि परकोटे के बाहर अभी भी होली का असर देखने को नहीं मिल रहा है। किंतु शहरी परकोटे में हंसी-ठिठौली के साथ परम्परागत रूप से होने वाली रम्मतों से इन दिनों चौक सराबोर नजर आ रहे है। रात को शुरू होने वाली रम्मतें दिन तक चल रही है। ऐसे में बीकानेर के बिस्सा का चौक में शहजादी की नौटंकी रम्मत का मंचन हुआ। देर रात को शुरू हुई इस रम्मत में पुरुषों ने सशक्त रूप से स्त्रियों का रुप धरकर अल सुबह तक लोगों को अपनी कला से बांधे रखा। बता दें कि देर रात को मां आशापुरा के अवतरण के साथ रम्मत का आगाज हुआ था। दिलचस्प बात तो ये है कि रम्मतों में एक ही परिवार की सातवीं पीढ़ी अपना किरदार निभा रही है।

# सरकार को हुआ जाट समाज कि एकता और शक्ति का अहसास : अनिल जान्दू

### जाट महाकुंभ से पहले वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का हुआ गठन

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** जयपुर में पांच मार्च को विद्याधर नगर स्टेडियम में होने वाले जाट महाकुंभ से पहले गहलोत सरकार ने बड़ा फैसला किया है।जाट समाज को खुश करने के लिए राजस्थान राज्य वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का गठन कर दिया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। बोर्ड में एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष के साथ साथ सात सदस्यों का मनोनयन किया जाएगा। इनके नामों का एलान जल्द होने की संभावना है। माना जा रहा है कि जाट समाज को खुश करने के लिए इस बोर्ड का गठन किया गया है। राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश सचिव अनिल जान्दू ने बताया कि जयपुर में 5 मार्च को होने वाले जाट महाकुंभ के लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। जाट महाकुंभ के संरक्षक राजाराम मील ने राजस्थान के सभी विधायकों, सांसदों को इस जाट महाकुंभ में आमंत्रित किया है और पूरे प्रदेश में इस जाट महाकुंभ के लिए काफी उत्साह है। जान्दू ने बताया कि महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या के अनुसार जाट




समाज को आरक्षण मिलना चाहिए। जितनी समाज कि जनसंख्या है, उतना आरक्षण हमें



नहीं मिल रहा। काफी विसंगतियां और त्रुटियां हैं, उन्हें सुधारा जाना चाहिए। ओबीसी को 21 के बजाय 27 फीसदी आरक्षण दिया जाना चाहिए। जान्दू ने बताया कि सीएम अशोक गहलोत ने चुनावी साल में वीर तेजा कल्याण बोर्ड का गठन करके किसान जातियों को सियासी मैसेज दिया है। वीर तेजाजी की लोकदेवता के रूप में कई राज्यों में मान्यता है। राजस्थान में मारवाड़ और शेखावाटी क्षेत्र में जाट वर्ग में वीर तेजा की मान्यता ज्यादा है, इस भावनात्मक जुड़ाव को सियासी रूप से भुनाने के हिसाब से बोर्ड बनाने को अहम माना जा रहा है। सरकार ने एक मांग वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का गठन महाकुंभ होने से पहले ही पूरी कर दी बाकी सभी मांगों पर 5 मार्च को महाकुंभ के माध्यम से सरकार को चेताया जाएगा।

## इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड में एलन सीकर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम

गरीबों का सितारा

**सीकर (विनोद धायल)।** सीकर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के विद्यार्थी इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के साथ विभिन्न नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड में भी शानदार सफलता हासिल कर रहे हैं। इसी क्रम में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट सीकर के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के दूसरे चरण की परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम हासिल किए हैं। एलन सीकर के सेंटर हैड सुरेन्द्र सहारण ने बताया कि होमी भाभा सेन्टर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीएसई) की ओर से दूसरे चरण की परीक्षा आयोजित करवाई गई थी। जिसमें एलन सीकर के छात्रों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। इसके बाद तीसरे चरण का ओरियन्टेशन कम सलेक्शन कैम्प (ओसीएससी) के लिए एलन सीकर से कक्षा 9 के तीन विद्यार्थियों ध्रुव सारस्वत, श्रेया और जतिन चाहर का चयन हुआ है। देशभर से कुल 36 विद्यार्थियों का चयन ओसीएससी कैम्प के लिए हुआ है। जो कि होमी भाभा सेन्टर मुम्बई में 20 मई से 2 जून तक आयोजित होगा। मुख्य



चयन होने के बाद यह कैम्प बैकांक थाईलैण्ड में आयोजित होगा। जिसमें चयनित भारतीय टीम के विद्यार्थी भाग लेंगे। सहारण ने बताया कि इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड की 16 जनवरी को दूसरे चरण की परीक्षा आयोजित कराई गई। इसके बाद तीसरे चरण इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड ट्रेनिंग कॅम्प (आईएमओटीसी) के लिए एलन सीकर में अध्ययनरत कक्षा 11 के छात्रा गणेश राहर एवं कक्षा 12 के विद्यार्थी कृष गुप्ता का चयन हुआ है। देशभर में कुल 67 छात्रों ने आईएमओटीसी में सफलता हासिल की है। इन विद्यार्थियों का ट्रेनिंग कैम्प 15 अप्रैल से 13 मई तक एचबीएसई में ही आयोजित किया जाएगा। फाइनल कैम्प जापान के छीबा शहर में 2 से 13 जुलाई तक होगा। इस ट्रेनिंग कैम्प में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर छह विद्यार्थियों को चयनित किया जाएगा। इन परिणामों के उपलक्ष्य में एलन सीकर में सेलिब्रेशन किया गया। जिसमें मेडिकल डिवीजन हैड ऋषभ शर्मा, आईआईटी डिवीजन हैंड आशुतोष कौशिक एवं पीएनसीएफ हेड अनिल बैरड व टीम के अन्य सदस्यों ने केक काटकर विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कोटगेट फल और सब्जी मंडी में खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के अंतर्गत सभी प्रकार के खाद्य व्यापारियों के लिए खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन अति



आवश्यक है। इस क्रम में कोटगेट फल सब्जी मंडी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पंवार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त पुखराज सेन के निदेशार्नुसार फल सब्जी विक्रेताओं के खाद्य लाइसेंस पंजीकरण के लिए यह विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार व श्रवण वर्मा द्वारा क्षेत्र के फल सब्जी व्यापारियों को नियमों की विस्तृत जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया गया। उक्त शिविर में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 22 फल सब्जी विक्रेताओं का पंजीकरण मौके पर ही कर दिया गया। शेष आवेदनों का एक दिवस में कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फल सब्जी विक्रेताओं के खाद्य लाइसेंस हेतु होली के बाद भी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बिना लाइसेंस रजिस्ट्रेशन के फल सब्जी विक्रय करने वालों पर एफएसएसएआई एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

## नारदपुरा में जाट महाकुंभ के तहत आह्वान कार्यक्रम का आयोजन

गरीबों का सितारा

**जयपुर। (विनोद धायल)।** आमेर रोड़ स्थित नारदपुरा गांव में जाट महाकुंभ के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जाट महाकुंभ नारदपुरा विंग की ओर से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाट-महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील थे। प्रदेश सचिव सुनीता चौधरी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में नारदपुरा और आसपास के गांवों की सैंकड़ों महिला पुरुषों ने हिस्सा लिया। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किए जाकर 5 मार्च को होने वाले जाट महाकुंभ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया जाता है। समारोह में राजाराम मील के साथ कुलदीप देवा, संतोष सारण, अनिल जितरवाल, विनोद ताडा और सुदामा सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। जाट महाकुंभ के आयोजक राजाराम मील ने अपने संबोधन में कहा कि



वर्तमान परिस्थितियों में जातिगत जनगणना होना जरूरी हो गया है। जिस जाति की संख्या जितने प्रतिशत हो, उस जाति की उतने प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए ताकि संविधान में प्रदत्त आरक्षण का लाभ सभी को समान रूप से मिल सके। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए महेंदी प्रतियोगिता, नींबू रेस, कुर्सी रेस के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

## प्रदेश यूथ कांग्रेस सचिव बनाये जाने पर पार्षद महेंद्र लांबा का हुआ अभिनंदन



गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** राजस्थान प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी द्वारा चौमूं नगरपालिका पार्षद महेंद्र लांबा को यूथ कांग्रेस सचिव बनाये जाने पर कांग्रेस के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों एवं आमजन द्वारा जगह जगह अभिनन्दन किया गया ' इसी श्रृंखला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौमूं द्वारा मोरीजा रोड स्थित खुशबू होटल पर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन द्वारा लांबा की ढाणी वार्ड नंबर 16 एवं वार्ड नंबर 11 में नागरिक अभिनंदन किया गया ' इस मौके पर जसवंत गुर्जर पीसीसी सचिव, ललित तुंदवाल पीसीसी सचिव, लालाराम बलेसरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व एवं हरिनारायण यादव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पश्चिम, भगवान सहाय धांसिल पूर्व प्रधान, सांवरमल चौधरी पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष, गोविंद नारायण सैनी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, सुरेश विजयवर्गीय नगर अध्यक्ष, पूर्व सरपंच नरेंद्र यादव, अभिषेक सैनी पूर्व अध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ, शंकर चतुर्वेदी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, शैलेंद्र चौधरी पूर्व नेता प्रतिपक्ष,अर्जुन सैनी पूर्व नेता प्रतिपक्ष, राजकुमार शर्मा जिला महासचिव कांग्रेस, कमल भात्रा, आशीष यादव, मुकेश सैनी, प्रहलाद गुलिया, सीताराम जीतरवाल,कन्हैयालाल थावरिया, उत्तम गोठवाल, महेश मीणा, संजय योगी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

एस आर के टैबलिंटन सीजन-8

## रचा इतिहास : बैडमिंटन में सोमानी हॉस्पिटल चैंपियन

### बैडमिंटन डॉ. दिवाकर भार्गव/डॉ. मनीषा चावला भी चैंपियन, बैडमिंटन प्लेटिनम वर्ग में मनीष थागरिया/गौरव गोयल चैंपियन

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** डॉक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी एवँ टैबलिंटन के चेयरमैन डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि एस एम एस इंटरनेशनल स्टेडियम में कल डॉक्टर्स के सबसे बड़े खेल महाकुम्भ में बैडमिंटन के टीम इवेंट एवँ ओपन वर्ग के फाइनल मैचेज खेले गये। बैडमिंटन के कॉर्डिनेटर डॉ मणि दुबे ने बताया कि टीम इवेंट वर्ग में सोमानी हॉस्पिटल ने टैगोर हॉस्पिटल पर संघर्षपूर्ण मुकाबले में टाइब्रेकर में जीत हासिल की और चैंपियन बनी। बराला हॉस्पिटल और अपैक्स हॉस्पिटल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह भी रहे युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन मेइ बैडमिंटन कॉर्डिनेटर डॉ. रविन्द्र गोठवाल ने बताया कि तीस से चालीस आयु वर्ग पुरूष एकल में डॉ. महेश वी के विजेता, डॉ. मुकेश भामू उपविजेता तथा डॉ दिवाकर भार्गव एवँ डॉ आदित्य सैनी तृतीय स्थान पर रहे। चालीस वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ अपूर्व जेठवानी विजेता, डॉ



अनिल यादव उपविजेता तथा डॉ हर्षल टांक एवँ डॉ संजय जैन तृतीय स्थान पर रहे। चैलेंजर्स कप में डॉ. आशीष जैन/डॉ. हिमांशु विजेता रहे और डॉ. मनीष थागरिया/डॉ. अभिषेक गोयल उपविजेता रहे। डॉ अपूर्व जेठवानी/डॉ; आदित्य सैनी एवँ डॉ मुकेश भामू/देवांश तृतीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन कॉर्डिनेटर डॉ दिवाकर भार्गव के अनुसार डायमंड लीग में डॉ अमित निमावत विजेता एवँ डॉ मदन मूंड उपविजेता रहे। गोल्ड लीग में डॉ नफीस अहमद विजेता एवँ डॉ नितेश त्यागी उपविजेता रहे। डायमंड




लीग 30 वर्ष से कम आयु वर्ग में डॉ मोहित गोयल विजेता एवँ हर्ष बेनीवाल उपविजेता रहे। सफायर लीग 30 वर्ष से कम में गौरव चारण विजेता एवँ सुनील शर्मा उपविजेता रहे। प्लेटिनम लीग 30 वर्ष से कम में जितेंद्र मीणा विजेता एवँ देवांश गोठवाल उपविजेता रहे। मिश्रित युगल वर्ग में डॉ दिवाकर भार्गव/डॉ मनीषा चावला विजेता तथा डॉ आदित्य सैनी/प्रेम चौधरी उपविजेता रहे। तृतीय स्थान पर डॉ हिमांशु/डॉ आकांशा तथा डॉ जितेंद्र/डॉ शिल्पी रहे।

### युवा रहे सबसे आगे

30 वर्ष से कम सफायर लीग युगल में गौरव चारण/सुनील शर्मा विजेता एवँ विक्रांत ठाकुर/ध्रुव अग्रवाल उपविजेता रहे। प्लेटिनम लीग में जितेंद्र/मनीष विजेता तथा देवांश गोठवाल/शुभम जैन उपविजेता रहे। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्लेटिनम में युगल वर्ग में मनीष थागरिया/गौरव गोयल विजेता, मुकेश भामू/विनय गिल उपविजेता तथा संजय जैन/अभिषेक सेतिया एवँ महेश वी के/महीप अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे।

## वैवाहिक वर्षगांठ पे अनोखी पहल किया जोड़े से रक्तदान



गरीबों का सितारा

**सीकर। साधना सेठी।** स्थानीय समर्थपुरा पिपराली रोड ब्राइट बर्डस सीनियर सेकेंडरी स्कूल /बालाजी आईटीआई सीकर प्रधानाचार्य संजू धीवा ओर महेंद्र सिंह बुड़रक पिपराली अपनी विवाह वर्षगांठ पर एसके ब्लड बैंक मैं रक्तदान करते हुए और अपनी प्रत्येक वर्षगांठ पर रक्तदान करने का संकल्प किया। ब्लड डोनेट में स्टॉफ नरेंद्र बाजिया आकाश पवार शुभम ने आभार व्यक्त किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**4 से 26 मार्च तक चलेगा महिला प्रीमियर लीग कुल 26 मैच खेले जाएंगे, इसमें दो प्लेऑफ मुकाबले भी होंगे**

# डब्लूपीएल : टीमों ने किया कप्तानों का ऐलान, ऑस्ट्रेलिया की तीन और भारत की दो खिलाड़ियों को मिली कमान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महिला प्रीमियर का आगाज चार मार्च शनिवार से होने जा रहा है जो कि 26 मार्च तक चलेगा। इस लीग में कुल पांच टीमें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात जाएंट्स और यूपी वॉरियर्स शामिल हैं। पहला मुकाबला मुंबई के डीवाई पाटील क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात जाएंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। डब्लूपीएल के शुरू होने से पहले सभी टीमों ने अपने-अपने कप्तानों का ऐलान कर दिया है। इस बार भारतीय खिलाड़ियों की अपेक्षा विदेशी खिलाड़ियों को कप्तान के रूप में ज्यादा तरजीह दी गई है। जहां भारतीय खिलाड़ी हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना कप्तान के तौर पर चुनी गई हैं तो वहीं ऑस्ट्रेलिया की तीन स्टार खिलाड़ियां एलिसा हीली, मेग लेनिंग और बेथ मूनी कप्तान की भूमिका में दिखेंगी। पांचों ही खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन दिखा चुकी हैं। अब ये सभी इस लीग में कप्तान के तौर पर मैदान में उतरेंगी। बतौर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनके आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

### मुंबई इंडियंस
### हरमनप्रीत कौर



*हरमनप्रीत कौर मौजूदा समय में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हैं। डब्लूपीएल में हरमन मुंबई इंडियंस की कप्तानी करने वाली हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वो टी20 फॉर्मेट में 3000 से ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने टीम इंडिया के लिए 151 मुकाबलों की 136 पारियों में 3058 रन बनाया है। इसमें एक शतक और 10 अर्धशतक शामिल है। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में उनका सर्वाधिक स्कोर 103 रन है। हरमनप्रीत कौर भारत की बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक मानी जाती हैं। केवल बल्लेबाजी में ही नहीं बल्कि गेंदबाजी करते हुए उन्होंने अब तक 32 विकेट लिए हैं।*

### रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर : स्मृति मंधाना

*भारतीय क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाजी स्मृति मंधाना डब्लूपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी करेंगी। बतौर खिलाड़ी टी20 फॉर्मेट में उन्होंने 116 मैचों की 112 पारियों में 2802 रन बना चुकी हैं, जिसमें 22 अर्धशतक शामिल है। उन्होंने इसी साल फरवरी में आयरलैंड के खिलाफ अपना सर्वाधिक स्कोर 87 रन बनाया था। टी20 महिला वर्ल्ड कप में उनके बल्ले से कुल दो अर्धशतक भी निकला था।*

### यूपी वॉरियर्स : एलिसा हीली

*ऑस्ट्रेलिया की बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल एलिसा हीली डब्लूपीएल में यूपी वॉरियर्स के लिए कप्तानी करने वाली हैं। पिछले महीने ही खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में हीली पांच मैचों में 47.25 की औसत और 115.95 की स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाई थीं। इस दौरान उनके बल्ले से दो अर्धशतक भी निकला। टी20 फॉर्मेट में हीली के बल्ले से 141 मैचों में एक शतक और 14 अर्धशतक की मदद से 2489 रन निकल चुका है।*



### दिल्ली कैपिटल्स : मेग लेनिंग

*ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लेनिंग डब्लूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करने वाली हैं। लेनिंग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पांच वर्ल्ड कप खिताब जीता है। एक सफल कप्तान होने के साथ लेनिंग एक बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं। टी20 फॉर्मेट में 3000 से ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ियों में मेग लेनिंग का भी नाम शामिल है। उन्होंने 132 मैचों की 121 पारियों में 3405 रन बनाने के साथ तीन पारियों में चार विकेट भी लिए हैं।*

### गुजरात जाएंट्स : बेथ मूनी

*गुजरात जाएंट्स ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी को टीम की कप्तानी सौंपी है। मूनी ने हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप में छह मैचों में 51.50 की औसत और 117.71 की स्ट्राइक रेट से 206 रन बनाए थे। टी20 फॉर्मेट में बेथ मूनी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने 83 मैचों की 77 पारियों में 40.51 की औसत से 2350 रन बना चुकी हैं, जिसमें 2 शतक और 18 अर्धशतक शामिल है।*

## खबर संक्षेप



### हर मैच में बदलेंगे विदेशी खिलाड़ी

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर महिला टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने स्पष्ट कहा कि शनिवार से शुरू हो रही आगामी महिला प्रीमियर लीग के दौरान बड़े खिलाड़ियों को 'रोटेट' किया जाएगा जिसमें एलिस पैरी, मेगान शट, हीथर नाइट और डेन वान निकर्क शामिल हैं। इन चार बड़ी क्रिकेटरों के अलावा आरसीबी ने न्यूजीलैंड की महान खिलाड़ी सोफी डेविने और डब्लूबीबीएल स्टार एरिन बर्न्स को भी लिया है। सॉयर ने स्वीकार किया कि उनके पास मैच में खिलाने के लिए काफी विकल्प हैं।

### महिला लीग शुरू करने की योजना

**नई दिल्ली।** पुरुषों के टूर्नामेंट की सफलता से उत्साहित प्रो कबड्डी लीग के आयोजक अब देश में महिलाओं का पेशेवर फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट शुरू करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं।

vivo PRO KABADDI

पीकेएल के नौ सत्र का आयोजन हो चुका है। इसके आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने कहा कि वे भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ के सहयोग से लीग को शुरू करने की योजना बना रहे हैं। क्रिकेट में महिलाओं की प्रीमियर लीग चार मार्च से मुंबई में शुरू होगी और पीकेएल इसी की राह पर चलने की योजना पर काम कर रहा है।

### न्यूजीलैंड की टीम में कोई बदलाव नहीं


**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में होने वाली दो टेस्ट श्रृंखला के लिए उस टीम में कोई बदलाव नहीं किया है जिसने हाल में वेलिंगटन में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को एक रन से हराया।

NEW ZEALAND CRICKET

न्यूजीलैंड ने रोमांचक दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को एक रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। 13 सदस्यीय टीम में कोई हैरानी भरा नाम नहीं है। टीम : टिम साउथी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉन्वे, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, ब्लेयर टिकनर, नील वैगनर, स्कॉट कुगेलिन, हेनरी निकोल्स, केन विलियमसन और विल यंग।

### डी गुकेश बने एसीएफ के 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

**अबुधाबी।** एशियाई शतरंज महासंघ ने भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पिछले साल महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड में रिकॉर्ड स्कोर (9/11) से स्वर्ण पदक जीतने के लिए 'प्लेयर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया।



पिछले साल मार्च में गुकेश 2700 ईएलओ रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले छठे भारतीय बने थे और वह 2700 से ऊपर की रेटिंग वाले देश के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर भी हैं। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने यहां एसीएफ के सालाना सम्मेलन में 'मोस्ट एक्टिव फेडरेशन' का पुरस्कार हासिल किया।

### क्रिकेट : नाथन ने भारत के खिलाफ पूरे किए टेस्ट क्रिकेट के 50 विकेट

# लियोन के आठ विकेट से भारत 163 पर सिमटा, ऑस्ट्रेलिया को 76 रन का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| इंदौर

चेतेश्वर पुजारा के अर्धशतक के बावजूद भारत नाथन लियोन की फिरकी के जादू के सामने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में 163 रन पर ढेर हो गया जिससे मेहमान टीम को 76 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की टीम अब शुक्रवार को तीसरे दिन लक्ष्य हासिल करके जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह सुनिश्चित करने के इरादे से उतरेगी।

स्पिन की अनुकूल पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को एक बार फिर जूझना पड़ा और पुजारा के अलावा कोई बल्लेबाज लियोन का डटकर सामना नहीं कर पाया। लियोन ने मैच में 99 रन देकर 11 विकेट चटकाए। पुजारा के अलावा सिर्फ श्रेयस अय्यर (26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। भारतीय बल्लेबाजों को खराब शॉट चयन का खामियाजा भी भुगतना पड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया ने शानदार क्षेत्ररक्षण किया। भारतीय टीम बुधवार को पहली पारी में सिर्फ 109 रन पर सिमट गई थी जिसके बाद गुरुवार को सुबह के सत्र में तेज गेंदबाज उमेश यादव और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 197 रन पर समेटकर मेजबान टीम की वापसी की उम्मीद जगाई। ऑस्ट्रेलिया ने 88 रन की बढ़त हासिल की।



### अश्विन ने तोड़ा कपिल देव का रिकॉर्ड

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| अनिल कुंबले | 401 | 953 |
| हरभजन सिंह | 365 | 707 |
| रविचंद्रन अश्विन | 269* | 689 |
| कपिल देव | 356 | 687 |
| जहीर खान | 303 | 597 |

### अश्विन का अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर

चेन्नई में जन्मे स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 5 जून 2010 को हरारे में श्रीलंका के खिलाफ अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक 91 टेस्ट में 466 विकेट लिए। 113 वनडे में 151 विकेट और 65 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 72 विकेट झटके हैं। अश्विन ने हाल ही में आईसीसी टेस्ट में गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

### लियोन का भारत के खिलाफ 9वीं बार पांच विकेट हॉल

दरअसल, भारत के खिलाफ इंदौर टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्पिनर लाथन लियोन ने दूसरी पारी में 5 विकेट हॉल पूरा किया। यह कारनामा उन्होंने भारत के खिलाफ 9वीं बार किया। 5 विकेट हासिल कर नाथन ने भारत के खिलाफ अपने टेस्ट क्रिकेट के 50 विकेट पूरे किए। नाथन ने आर अश्विन को कुल 6 बार टेस्ट मैच में अपना शिकार बनाया। वहीं, नाथन ने भारत के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में 112 विकेट चटकाए और उन्होंने इसक साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### लियोन के 8 शिकार

नाथन ने सबसे पहले दूसरी पारी में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को 12 रन के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। इसके बाद लियोन ने शुभमन गिल को महज 5 रन के स्कोर पर पवेलियन का रुख दिखाया। इसके अलावा लियोन ने रवींद्र जडेजा, केएस भरत, आर अश्विन, उमेश यादव, मो. सिराज और चेतेश्वर पुजारा को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हैड पगबाधा बो जडेजा | 09 | 06 | 1 | 0 |
| ख्वाजा का गिल बो जडेजा | 60 | 147 | 4 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन बो जडेजा | 31 | 91 | 1 | 0 |
| स्मिथ का भरत बो जडेजा | 26 | 38 | 4 | 0 |
| हैंड्सकॉम्ब का अय्यर बो अश्विन | 19 | 98 | 1 | 0 |
| कैमरन ग्रीन पगबाधा बो उमेश | 21 | 57 | 2 | 0 |
| एलेक्स कैरी पगबाधा अश्विन | 03 | 07 | 0 | 0 |
| मिशेल स्टार्क बो उमेश | 01 | 03 | 0 | 0 |
| नाथन लियोन बो अश्विन | 05 | 08 | 1 | 0 |
| टॉड मर्फी बो उमेश | 00 | 06 | 0 | 0 |
| मैथ्यू कुनहेमैन नाबाद | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 22, कुल : 76.3 ओवर में 197/10
गेंदबाजी : अश्विन 20.3-4-44-3, जडेजा 32-8-78-4, अक्षर 13-1-33-0, उमेश 5-0-12-3, सिराज 6-1-13-0.

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा बो लियोन | 12 | 33 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल बो लियोन | 05 | 15 | 0 | 0 |
| पुजारा का स्मिथ बो लियोन | 59 | 142 | 5 | 1 |
| कोहली पगबाधा बो कुहनेमैन | 13 | 26 | 2 | 0 |
| जडेजा पगबाधा बो लियोन | 07 | 36 | 0 | 0 |
| अय्यर का ख्वाजा बो स्टार्क | 26 | 27 | 3 | 2 |
| श्रीकर भरत बो लियोन | 03 | 08 | 0 | 0 |
| अश्विन पगबाधा बो लियोन | 16 | 28 | 2 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 15 | 39 | 0 | 1 |
| उमेश का ग्रीन बो लियोन | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज बो लियोन | 00 | 07 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 60.3 ओवर में 163/10
गेंदबाजी : स्टार्क 7-1-14-1, कुहनेमैन 16-2-60-1, लियोन 23.3-1-64-8, मर्फी 14-6-18-0.

## जोकोविच की लगातार 19वीं जीत, रूबलेव ने फोकिना को दी मात



एजेंसी ▶▶| दुबई

दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने यहां टेलोन ग्रीक्सपूअर को सीधे सेटों में हराकर दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जोकोविच ने ग्रीक्सपूअर को 6-2, 6-3 से हराकर लगातार 19वीं जीत दर्ज की। सर्बिया के 35 साल के खिलाड़ी जोकोविच ने दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी ग्रीक्सपूअर की चार बार सर्विस तोड़ी। उन्होंने मौजूदा सत्र में एक भी मुकाबला नहीं गंवाया है। जोकोविच अगले दौर में ह्यूबर्ट हुरकाज से भिड़ेंगे जिन्होंने पावेल कोटोव को 7-5, 6-1 से हराया। गत चैंपियन आंद्रे रूबलेव ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 1-6, 7-6(6), 7-6(3) से हराया।

रूस के रूबलेव ने दूसरे सेट के टाईब्रेकर में 1-6 से पिछड़ते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाए और लगातार सात अंक के साथ सेट जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक सेट में खींचा।

### जेस्विन एलड्रिन ने 8.42 मीटर की कूद लगाई पुरुष लंबी कूद का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**बानीहाटी (कर्नाटक)।** तमिलनाडु के जेस्विन एलड्रिन ने गुरूवार को यहां दूसरी एएफआई राष्ट्रीय कूद प्रतियोगिता में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इक्कीस साल के इस एथलट ने 8.42 मीटर की कूद लगायी और एम श्रीशंकर के पिछले साल अप्रैल में फेडरेशन कप में बनाये गये 8.36 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले महीने अस्ताना में एशियाई इंडोर चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले एलड्रिन एकमात्र प्रतिस्पर्धी थे जो आठ मीटर की कूद लगा पाये। उन्होंने 8.05, 8.26 और 8.42 मीटर की कूद लगायीं। केरल के मोहम्मद अनीस याहिया 7.85 मीटर से दूसरे स्थान पर रहे।

## यश धुल का अर्धशतक, शेष भारत ने बनाए 484 रन

एजेंसी ▶▶| ग्वालियर

यश धुल की तेज अर्धशतकीय पारी से शेष भारत ने गुरुवार को यहां ईरानी ट्राफी क्रिकेट मैच के दूसरे दिन पहली पारी में 484 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके बाद फिट हुए नवदीप सैनी ने अपने तेज तर्रार पहले स्पैल से मध्य प्रदेश के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। सैनी (15 रन देकर दो विकेट) अच्छी लय में दिखे और उन्हें निर्जीव पिच से थोड़ी मदद मिली जिससे उन्होंने मध्य प्रदेश को दो झटके दिए। पर यश



दूबे (नाबाद 53 रन) और हर्ष गवली (नाबाद 47 रन) के बीच चौथे विकेट के लिए 97 रन की नाबाद साझेदारी से मध्य प्रदेश की टीम स्टंप तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 112 रन बना चुकी है।

## अरविंद पाल दहिया ने 20 किमी रेस वॉक में जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बीएसएनएल के 19 वें अखिल भारतीय एथलेटिक्स खेलों का आयोजन 27 फरवरी से 1 मार्च तक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला में किया गया। इन खेलों का आयोजन सोनीपत के गांव जुआ माहरा निवासी मुख्य रेफरी सुरेंद्र सिंह जो कि बीएसएनएल में अधीक्षक हैं के निर्देशन में किया गया। इस बार ये खेल कोरोना के कारण तीन साल बाद खेल गए हैं। कोरोना से पहले हर साल इन खेलों का आयोजन किया जाता था। खेलों के इस अखिल भारतीय आयोजन के लिए विभिन्न राज्यों में ट्रायल के आधार



पर टीमों का चयन किया गया। इसमें रोहतक रनर्स ग्रुप के अध्यक्ष सहायक महाप्रबंधक बीएसएनएल, अरविंद पाल दहिया ने 20 किलोमीटर रेस वॉक में दिल्ली राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया और द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर उत्तरप्रदेश और तीसरे स्थान पर उड़ीसा के खिलाड़ी रहे। अरविन्द पाल दहिया ने 10 किलोमीटर दौड़ में भी पांचवां स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय एथलीट एवं एन आई एस पटियाला के शैक्षणिक प्रभारी कमाल अली खान और दूरसंचार महाप्रबंधक पटियाला सुखबीर सिंह ने अरविंद पाल दहिया को रजत पदक एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस प्रतियोगिता में पूरे देश के सभी राज्यों के बीएसएनएल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### मुनार ने शीर्ष वरीय मुसेटी को हराया

*सेंटियागो। स्पेन के जेउमे मुनार ने यहां चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय लोरेंजो मुसेटी को सीधे सेट में हराकर उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इटली के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी मुसेटी के खिलाफ मुनार ने 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी मुनार अगले दौर में ब्राजील के थिएगो मोंटेइरो से भिड़ेंगे जिन्होंने इटली के मार्को चेचिनातो को 3-6, 6-3, 6-2 से हराया। एक अन्य मुकाबले में जर्मनी के क्वालीफायर यानिक हैफमैन ने रॉबर्टो कार्बालेस बेइना को 7-6(6) 6-2 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।*

### खराब फॉर्म के कारण एशेज श्रृंखला से बाहर होने का खतरा : पोंटिंग

# वार्नर के टेस्ट कॅरियर के दुखद अंत का डर

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को डर है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे डेविड वार्नर पर एशेज श्रृंखला से बाहर होने का खतरा है और लंबे समय से बल्ले से नाकाम रहने के बाद उनके टेस्ट कॅरियर का दुखद अंत हो सकता है। पोंटिंग को लगता है कि वार्नर इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली एशेज टीम में जगह पाने के लिए संघर्ष करेंगे और उनका टेस्ट कॅरियर शायद उनकी शर्तों पर खत्म नहीं होगा।

वार्नर का भारत दौरे पर प्रदर्शन निराशाजनक रहा जहां उन्होंने कोहनी में फ्रेक्चर के कारण स्वदेश लौटने से पहले तीन पारियों में एक,



10 और 15 रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2019 में पिछले इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ 9.5 के औसत से रन बनाए थे। पोंटिंग ने कहा, 'मैंने उन्हें अपने चक्र के बारे में बात करते हुए सुना है। मौजूदा चक्र विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बाद समाप्त हो जाएगा जो स्पष्ट रूप से पहले एशेज टेस्ट से एक सप्ताह पहले है और मुझे लगता है कि सब कुछ ठीक रहा तो वह कम से कम इस टेस्ट मैच के अंत तक डेविड को अपने साथ रखना चाहते हैं। हालांकि यह उस पर निर्भर करेगा। एक बल्लेबाज के रूप में आप सिर्फ रन ही बना सकते हैं और अगर आप रन नहीं बनाते तो मुश्किल स्थिति में फंस जाते हैं। यह हम सभी के साथ हुआ है, यह मेरे साथ हुआ है। जब आप एक निश्चित उम्र तक पहुंच जाते हैं और ऐसा लगता है कि आपका फॉर्म थोड़ा सा गिर रहा है, तो आलोचक हावी हो जाते हैं और फिर ज्यादा समय नहीं लगता।'

### 100वां टेस्ट था बेहतर समय

*पोंटिंग को लगता है कि वार्नर को पिछली गर्मियों में मेलबर्न में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में दोहरा शतक बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट छोड़ देना चाहिए था जो उनका 100वां मैच भी था या फिर सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर अगले मैच के बाद उन्हें ऐसा करना चाहिए था। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'वह जिस तरह चाहता था उस तरह खत्म करने के लिए मेरे हिसाब से शायद सिडनी टेस्ट के बाद उसे ऐसा करना चाहिए था। उसने मेलबर्न में 200 रन बनाए, अपना 100वां टेस्ट खेला, अपना 101वां टेस्ट सिडनी में खेला जो उसके घरेलू मैदान पर था और शायद वहीं खत्म कर देता।'*

## दिल्ली कैपिटल्स : लैनिंग कप्तान और जेमिमा बनीं उप कप्तान




एजेंसी ▶▶| मुंबई

*आस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग महिला प्रीमियर लीग के शुरुआती चरण में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई करेंगी जबकि भारत की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स उप कप्तान की जिम्मेदारी उठाएंगी। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को यह घोषणा की। लैनिंग ने हाल में अपनी कप्तानी में आस्ट्रेलियाई महिला टीम को दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी टी20 महिला विश्व कप 2023 में रिकॉर्ड छठा खिताब दिलाया था जिसमें उन्होंने फाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को हराया था। वहीं जेमिमा ने भारतीय अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी जो सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से हारकर खत्म हुआ था।*

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



# श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव 2023 की सभी श्याम भक्तों को श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं



हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा

हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा




मन्दिर में दर्शन हेतु 14 लाईन बनाई गई।




दिव्यांगो के दर्शन हेतु ई-रिक्शा की व्यवस्था।



जनसुविधार्थ कस्बे में सुलभ शौचालयों का निर्माण।



रींगस रोड पार्किंग स्थल से चौमू पुरोहितान तक सड़क निर्माण।



रींगस रोड पर प्रथम चरण में संतोषपुरा से खाटूश्यामजी तक पैदलपथ निर्माणाधीन।



## सम्पूर्ण भारत में विख्यात श्री श्याम बाबा का वार्षिक उत्सव श्री श्याम फाल्गुन मेला 2023

दिनांक 22 फरवरी 2023 से 04 मार्च 2023 तक मेले के दौरान भक्तों की सुगम एवं सुलभ दर्शन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए श्री श्याम मन्दिर कमेटी (रजि.) ने व्यापक इंतजाम किए हैं तथा जनसेवार्थ सदैव तत्पर है।

- 14 प्रवेश लाईनों के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिये श्री श्याम बाबा के सुगम एवं सुलभ दर्शन की व्यवस्था।
- लखदातार मैदान से श्री श्याम बाबा मन्दिर डेडिकेटिड 40 फीट चौड़ा रास्ता एवं उसमें सी.सी. सडक का निमार्ण।
- लखदातार मैदान से मन्दिर तक का दर्शन मार्ग पहले से एक तिहाई कम दूरी एवं श्रद्धालुओं के लिये 75 फीट मेला मैदान में छाया की व्यवस्था।
- श्री श्याम मन्दिर सें 40 फीट चौड़ाई का नया निकास मार्ग।
- रीगंस रोड पार्किंग में रोड़ एवं स्थाई हाई मास्ट लाईट की व्यवस्था।
- दिव्यांग एवं वृद्धजन के लिये दर्शनों की पृथक लाईन एवं पंजीकरण हेतु ऑनलाईन पोर्टल की व्यवस्था।
- लखदातार मैदान को श्याम भक्तों की सुविधार्थ



मैदान में 3 एल.ई.डी के माध्यम से श्याम बाबा के दर्शन।



श्याम भक्तों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था



जीर्ण शीर्ण मन्दिरों का जीर्णोद्धार।



खाटूश्यामजी कस्बे में सफाई व्यवस्थार्थ आवश्यकता जनित स्थानों पर स्टील के कचरापात्र स्थापित।



जोधपुर के भंगुरा में घटित घटना में पीड़ितों को आर्थिक सहायता।



प्रताप सिंह चौहान
अध्यक्ष




श्याम सिंह चौहान
मंत्री



कालू सिंह चौहान
कोषाध्यक्ष



गोपाल सिंह चौहान
सदस्य



मानवेन्द्र सिंह चौहान
सदस्य



नरेन्द्र सिंह चौहान
सदस्य

# श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटूश्यामजी

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com